■ माघ कृष्णा - 3 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 183 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 28-01-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 अब पराली और गोबर बनेगा किसानों की अतिरिक्त आय का जरिया : योगी

6 मेजर भूपेंद्र सिंह: खुद की जान बचाने के लिए नहीं किया कोई समझौता

7 कुछ लोग अपने ही गठबंधन में न्याय नहीं कर पा रहे : अनुराग ठाकुर




| 28-01-2024 सूर्यास्त 6:18 बजे | 29-01-2024 सूर्योदय 6:46 बजे |
|---|---|
| BSE 70,700.67 (-359.64) | NSE 21,352.60 (-101.35) |

## देश के युवाओं के सपने पूरे करेगा विकसित भारत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत देश के युवाओं के सपनों को पूरा करेगा।

मोदी ने शनिवार को यहां करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक राष्ट्रीय कैडेट कोर रैली को संबोधित करते हुए युवाओं के लिए सरकार के दृष्टिकोण को रेखांकित किया, और अगले 25 वर्षों में देश के भविष्य को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। प्रधान मंत्री ने घोषणा की, यह परिवर्तनकारी युग, आने वाले 25 वर्ष, न केवल एक विकसित भारत के निर्माण का गवाह बनेंगे, बल्कि मुख्य रूप से युवाओं को लाभ पहुंचाएंगे, मोदी को नहीं। इस युग के सबसे बड़े लाभार्थी आप जैसे युवा व्यक्ति हैं।



मोदी ने इस मौके पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा और सर्वश्रेष्ठ कैडेट पुरस्कार प्रदान किये। प्रधान मंत्री ने कहा कि एनसीसी रैली एक दुनिया, एक परिवार, एक भविष्य की भावना को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में इस रैली में 10 देशों के कैडेट थे आज यह संख्या 24 हो गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा, एनसीसी कैडेटों के बीच उपस्थित होना एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार को उजागर करता है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एनसीसी का दायरा लगातार बढ़ रहा है और आज का अवसर एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों के 400 से अधिक सरपंचों और देश भर के स्वयं सहायता समूहों की 100 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति का भी उल्लेख किया, जिन्हें सरकार वाइब्रेंट विलेजेज योजना के तहत विकसित कर रही है।

मोदी ने कहा कि दुनिया आज भारत की बेटियों को हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित करते हुए देख रही है, चाहे वह भूमि, समुद्र, वायु या अंतरिक्ष हो।

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### बेमेल गठबंधन

जब भी होता है गठबंधन,
जुड़ते उसमें अवसरवादी।
दोषारोपण इक दूजे पर,
करने वाले हैं बकवादी।
हैं सभी सियासत की चालें,
वादी ना कोई प्रतिवादी।
जैसे मजबूरी में कोई,
करता है अनचाही शादी।।

### नीतीश कुमार के अगले कदम पर है सबकी नजर

## आज इस्तीफा दे सकते हैं नीतीश : सूत्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार सुबह तक पद से इस्तीफा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री के एक करीबी सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी।

नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि नीतीश कुमार के शनिवार देर शाम तक इस्तीफे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा, वैसे यह (इस्तीफा) निश्चित रूप से रविवार सुबह तक होगा।

सूत्र ने यह भी कहा कि इस्तीफा देने से पहले जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार विधायक दल की एक पारंपरिक बैठक करेंगे।

सूत्र ने कहा कि भाजपा के समर्थन से एक नई सरकार बनने की



संभावना के बीच सचिवालय जैसे सरकारी कार्यालयों को रविवार को खुला रखने के लिए कहा गया है।

इस बीच, भाजपा की प्रदेश इकाई के नेताओं ने पार्टी की एक बैठक के दौरान जद(यू) के 'महागठबंधन' से बाहर निकलने की स्थिति में कुमार का समर्थन करने की औपचारिक घोषणा नहीं की।

भाजपा के सूत्रों ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि कुमार के इस्तीफा देने तक कोई भी औपचारिक घोषणा नहीं की जाए।

### 'नौकरी के बदले जमीन' मामला में राबड़ी देवी, बेटी मीसा अदालत द्वारा तलब

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की एक अदालत ने 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव सहित अन्य को तलब किया। अदालत ने रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' से जुड़े धनशोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद इन्हें तलब किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल ने आरोपियों को नौ फरवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि मामले में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार हैं।


बैठक

स्व. श्री मोहनलालजी जिन्दल

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य श्री मोहनलालजी जिन्दल का देवलोकगमन सोमवार, 22 जनवरी 2024 को हो गया। विधि की विड़म्बना के आगे हम सब नतमस्तक है।

बैठक
रविवार,28.1.2024 को
दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक, हमारे निवास स्थान पर

निवास स्थान : नं. 4, स्काईलाइन एटरनिटि, एंड्री रोड, शांतिनगर, बेंगलूरु 560 027, फोन : 81231 61151, 94499 84773



श्री मोहनलालजी जिन्दल
स्वर्गवास : 22.01.2024
सुपुत्र : स्व. श्री शिवलालजी जिन्दल


श्रद्धावनत

परमानंद, टेकचन्द, मदनलाल, वीरेन्द्रकुमार, सुशील, अजय, अभिषेक, शिवेक एवं समस्त जिन्दल परिवार

प्रतिष्ठान

JINDAL STEELS
BANGALORE
9611557557, 8123161151

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरु जी, कुछ प्रसंगों में आपको सुनते हुए मुझे ऐसा समझ में आया कि आप पूर्णता को पवित्रता से अधिक वरेण्य कहते हैं पर, क्या बिना पवित्रता के पूर्णता सम्भव है?

**उत्तर:** आपकी बात सही है, बिना पवित्रता के पूर्णता की अनुभूति नहीं होती क्योंकि पूर्णता, पवित्र और निर्दोष होती है। किंतु क्या हरेक वह वस्तु जिसे आप पवित्र और निर्दोष कहते हैं वह आपने पूर्ण पाई है? चिंतन करें।आध्यात्मिक यात्रा में आत्म तत्व पर ही सब कुछ केंद्रित है। स्वदृष्टि में आत्मा के अनंत विस्तार की अनुभूति होने पर उस में ही क्रमश: 'महा' और 'परम' प्रत्यय लगा देने पर महात्मा और परमात्मा शब्द प्रकाश में आते हैं। बीज शब्द –आत्मा है जो सदैव पवित्र ही रहती है। मत चाहे किसी भी वेद या देव, ऋषि या श्री का हो, इस सिद्धांत पर वह एक ही है, इस मत पर सबकी पूर्ण सहमति है। कोई भिन्न मत नहीं है। पूर्णता पर मतभिन्नता है। कोई परमात्मा को पूर्ण कहे तो कोई कोई प्रतिप्रश्न कर सकता है कि परमात्मा तो मानवी पहुँच से परे हैं इसलिए उनकी आराधना करने तक की बात तो ठीक है पर उन पर हमारे द्वारा उसके स्वरूप पर टिप्पणी कैसे की जा सकती है ?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




### रक्तदान शिविर

बेंगलूरु में मानव सेवा समिति ने भारत के गणतंत्र दिवस के मौके पर 18वां रक्तदान शिविर का आयोजन राजाजीनगर के फीनिक्स वन बेंगलूरु वेस्ट अपार्टमेंट में आयोजित किया गया। इस मौके पर बेंगलूरु ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर में 44 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु के इंदिरानगर में शुक्रवार को भोजपुरी समाज सेवा समिति द्वारा गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। समारोह में भगवान श्रीराम की आराधना समिति के गुरु पंडित सतीश मिश्रा ने विधि विधान के साथ पूजन कराई। समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं चेयरमैन संजयसिंह उज्जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर समिति के महामंत्री राकेश पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेन्द्र मोहनसिंह, कोषाध्यक्ष जंगबहादुर सिंह, महासचिव ललितेश्वर प्रसाद सिंह, सचिव गिरीश पांडेय, मुख्य संयोजक एवं सलाहकार रामाशंकरसिंह, उपकोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### ध्वजारोहण

मैसूरु में जीतो मैसूरु परिवार की जीतो यूथ विंग ने 75वां गणतंथ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। सरकारी हाई स्कूल वोंटिकोपाल में मैसूरु चैप्टर के चेयरमैन कांतिलाल चौहान, जीतो यूथ विंग संयोजक महेन्द्र कटारिया, यूथ विंग के चेयरमैन पुनीत श्रीश्रीमाल, लेडीज विंग चेयरमैन मोना ङ्टरेवरा और स्कूल के हैड मास्टर ने कर राष्ट्रीय ध्वजा रोहण किया।

## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के सलेम–वृद्धाचलम हाईवे पर शनिवार को नाराइयुर में एक वैन और लॉरी के बीच आमने–सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) के तीन कार्यकर्ताओं की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान एन. उथिराकुमार (29), वी. युवराज (17) और ए. अंबु सेलवन के रूप में की गई है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
DNR Highline @ Okalipuram
near LULU Mall Rajajinagar
3 & 4 BHK FLATS
with 7 Star Luxurious
Amenities.
Only Few Flats available for Sale.
for details
Contact Owner: 9844027560

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### आरआरनगर तेरापंथ कैम्प

बेंगलूरु में गणतंत्र दिवस के मौके पर शुक्रवार को आरआरनगर में तेरापंथ युवक परिषद द्वारा संचालित आचार्यश्री तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं डेंटल केयर में मार्गदर्शन फाउन्डेशन के भरत डूंगरवाल के सहयोग से संपूर्ण स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर तुलसी हेल्थी जीवन (41 विटल पैरामीटर) 75 प्रतिशत छूट पर आयोजन किया गया। इस शिविर से 184 लोग लाभान्वित हुए।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### सहयोग

गणतंत्र दिवस के मौके पर शुक्रवार को मैसूरु जीतो लेडीज विंग द्वारा दोपहर में सविनेनापु अनाथाश्रम में दोनों समय के लिए मिठाई एवं अन्य आइटमों के साथ भोजन की व्यवस्था की गई। इस मौके पर जीतो मैसूरु चैप्टर के चेयरमैन कांतिलाल चौहान, महामंत्री गौतम सालेचा, यूथ विंग के चेयरमैन पुनीत श्रीश्रीमाल, महामंत्री अनमोल श्रीश्रीमाल, लेडीज विंग की चेयरपर्सन मोना भटेवरा, मुख्य सचिव रजनी डागलिया, उपाध्यक्ष सपना गांधी, सहसचिव मिनाक्षी कोठारी, खजांची सरीता बाघमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर सीमा बोहरा के साथ लेडीज विंग के 20 सदस्य ने भाग लिया।


दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु के विजयनगर स्थित बसवेश्वर महाविद्यालय में 75वें गणतंत्र विदस मे मौके पर मुख्यअतिथि के रूप में मारुति मेडीकल के प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र मुणोत उपस्थित थे। महेन्द्र मुणोत, नागराज और विश्वनाथ सहित महाविद्यालय के पदाधिकारियों ने ध्वजा रोहण किया। मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। मुणोत ने कहा कि राष्ट्र में जो भी विकास है वह संविधान के चलते ही संभव है। हमें अपने संविधान पर गर्व है। और संवधिान का सम्मान प्रत्येक भारतीय को करना चाहिए।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### मानव सेवा

बेंगलूरु के विजयनगर तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के मौके पर शुक्रवार को आरपीसी लेआउट स्थित मानव सेवा संस्थान में, विजयनगर क्लब रोड स्थित आंगनबाड़ी में मंडल द्वारा संस्थान के विकलांगों के सहायतार्थ दिनदैन की वस्तुएं, राशन, डस्टबिन एवं कम्बल का वितरण किया। आंगनवाड़ी में भी मंडल द्वारा बच्चों को खाने पीने की वस्तुएं वितरित की गई। कार्यक्रम में मंडल की अध्यक्ष मंजु गादिया, उपाध्यक्ष सुमित्रा बरड़िया, सज्ञनबाई पोकरणा सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### अन्नदान

बेंगलूरु में मारवाड़ी समाज द्वारा गणतंत्र दिवस के मौके पर शुक्रवार को चिकपेट क्षेत्र के दीवान सुरप्पा लेन में हजार से ज्यादा लोगों को अन्नदान का वितरण किया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर द कर्नाटका पेपर मर्चेंटस स्टेशनर्स एसोसिएशन ने 75वा गणतंत्र दिवस कागज भवन में मनाया। अध्यक्ष विनोद नेनावत ने ध्वजारोहण किया। सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। उपाध्यक्ष प्रवीण लुंकड़, उपसचिव हुलाश कुमार खजांची, रमेश कुमार सालेचा आदि सदस्य उपस्थित थे। अल्पाहार के लाभार्थी अमित कुमार मरुधर पेपर एजेंसीज वालों का सम्मान किया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




### गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस मे मौके पर कर्नाटक होजियरी एवं गारमेंट एसोसिएशन ने मामुलपेट में देश का 75वा गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। खागा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीएच राजपुरोहित ने झंडा फहराया एवं सामूहिक राष्ट्रीय गीत का गान हुआ। इस मौके पर सहसचिव बिशनसिंह विराणा, सिद्धार्थ जैन, कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल राजपुरोहित, पूर्व अध्यक्ष डूंगरमल चौपड़ा, सज्ञन राज मेहता, गौतमचंद पोरवाल,वार्ड अध्यक्ष चिन्नमणी, सरवन्ना सहित अनेक सदस्य एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे। देश भक्ति के गीतों के बाद मिठाई का वितरण किया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु के आरटीनगर स्थित बिहार भवन में श्री सिद्धार्थ सांस्कृतिक एवं राजेंद्र बाबू मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में गणतंत्र दिवस मनाया गया। परिषद सचिव पंडित राजगुरु ने बताया की ट्रस्ट के ट्रस्टी विजय शंकर प्रसाद सिंह ने झंडोत्तोलन किया। ट्रस्ट सचिव राम लखन सिंह ने उपस्थित सभी देश प्रेमियों का स्वागत किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता उदयसिंह भी उपस्थित हुए।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु के विक्टोरिया रोड स्थित डीपीएच हाई स्कूल एवं आरटी स्ट्रीट स्थित पतासी बाई लुनिया स्कूल में गणतंत्र दिवस उत्सव शुक्रवार को मनाया गया। ध्वजारोहण संघ के सदस्य इन्दरचन्द भंसाली और अशोक कोठारी ने किया। स्कूल के बच्चों ने परेड़ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी। अनिल भंसाली ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए सभी को प्रोत्साहित किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु में शुक्रवार को मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु स्टार्स द्वारा 120 बच्चों के साथ सरजापुर रोड स्थित 'ताईमने' एनजीओ में खेल दिवस के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। मंच के अध्यक्ष संदीप चनानी और एनजीओ के गणमान्य लोगों द्वारा ध्वजारोहण कियाा गया। बच्चों ने परेड की। मंच परिवार ने सभी एनजीओ बच्चों के लिए नाश्ते की भी व्यवस्था की थी, जो स्टार्स सदस्यों द्वारा परोसा गया था। दिन को मज़ेदार और यादगार बनाने के लिए, खेल दिवस का आयोजन किया गया जहाँ बच्चों ने टग ऑफ़ वॉर, फ्रॉग जॉम्प, रिले रेस, म्यूजिकल चेयर, स्किपिंग रोप रेस खेलों में भाग लिया। खेल के दौरान बच्चों को फल और जूस भी दिया गया। मंच के सचिव अमित अग्रवाल और उपाध्यक्ष विक्की अग्रवाल ने कार्यक्रम संयोजक सुनील अग्रवाल, आयुष अग्रवाल और विकास अग्रवाल की सराहना की जिन्होंने श्याम जालान और नितिन गोयल के सहयोग से इस कार्यक्रम को इतना भव्य और प्रभावपूर्ण बनाया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




### सहयोग

बेंगलूरु तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर ने सेवा के अंतर्गत शुक्रवार को गणतंत्रत दिवस के मौके पर हसरघट्टा के बगलकुंटे स्थित विकास जनहित ट्रस्ट में दैनिक उपयोग के राशन सामग्री, तेल आदि का सहयोग किया। इस ट्रस्ट में 26 लोग रहते हैं जिनमें 13 नेत्रहीन, 8 अपाहिज और 5 वरिष्ठ नागरिक हैं। परिषद के अध्यक्ष कमलेश गंगा के नेतृत्व में परिषद के मुकेश भंडारी, विक्रम बोहरा, अरविन्द कोठारी आदि ने यहां समय व्यतीत किया और सभी के स्वास्थ्य कुशल क्षेम को पूछा।

## दपरे के महाप्रबंधक ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, परेड का निरीक्षण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के महाप्रबंधक संजीव किशोर ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रेलवे स्पोर्ट्स मैदान में तिरंगा फहराया और परेड का निरीक्षण किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दपरे लौह अयस्क, इस्पात, कोयला और उद्योगों के लिए अन्य कच्चे माल के साथ देश के सभी हिस्सों में यात्रियों के परिवहन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि दपरे का सुरक्षा रिकॉर्ड भारतीय रेलवे में सर्वश्रेष्ठ में से एक बना हुआ है। समयपालन के मामले में दपरे ने भारतीय रेलवे के सभी जोनों में चौथा स्थान हासिल किया है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 16 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज चालू किए जा चुके हैं और 6 लेवल क्रॉसिंग गेट बंद कर दिए गए हैं। संजीव किशोर ने बताया कि दपरे ने पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता की दिशा में कई पहल की हैं। इस वित्तीय वर्ष में दिसंबर तक 565 केडब्ल्यूपी क्षमता के सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिससे जोन की कुल क्षमता 5550 केडब्ल्यूपी हो गई है। अप्रैल से दिसंबर 2023 के दौरान, 56 ट्रेनों में एचओजी प्रणाली को शामिल करने से 54.19 करोड़ रुपए मूल्य के 73.73 लाख लीटर हाई–स्पीड डीजल की बचत हुई है।

महाप्रबंधक ने पूरे दपरे के कार्यबल की उसके प्रतिबद्ध कार्य के लिए सराहना की। उन्होंने विभिन्न पहलों में सहयोग के लिए एसडब्ल्यूआरएमयू, एसोसिएशन और एसडब्ल्यूआर महिला कल्याण संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि के संबोधन के बाद एसडब्ल्यूआर–डब्ल्यूडब्ल्यूओ हाई स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक यू सुब्बा राव, रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इसके अलावा, एसडब्ल्यूआर–डब्ल्यूडब्ल्यूओ इंग्लिश मीडियम स्कूल में डॉ. वंदना श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर बच्चों ने योगाभ्यास किया। बाद में, डॉ. वंदना के नेतृत्व में केंद्रीय अस्पताल को ओवन और चाय/कॉफी वेंडिंग मशीन दान की गई।



## रेल पहिया कारखाने में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां यलहंका के रेल पहिया कारखाने में शुक्रवार को 75वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर रेल पहिया कारखाने के महाप्रबंधक आर राजगोपाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

इस अवसर पर राजगोपाल ने कहा कि भारतीय रेलवे राष्ट्र की जीवन रेखा है और इसके अभिन्न अंग के रूप में आरडब्ल्यूएफ ने राष्ट्र–निर्माण में भारत के संविधान के उद्देश्यों को प्राप्त करने में बहुत योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आरडब्ल्यूएफ में प्रति व्यक्ति उत्पादकता न केवल भारतीय रेलवे में, बल्कि इसके बाहर भी सबसे अधिक है।

उन्होंने अलग–अलग विभागों की उपलब्धियों को उजागर किया और उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। आरडब्ल्यूएफ ने 8 जनवरी को एक ही दिन में अब तक का सबसे अधिक यानी 960 पहिए डाले जाने का रिकॉर्ड बनाया। इसी तरह, पिछले साल 31 अक्टूबर को एक ही दिन में 531 एक्सल बनाए गए, जो सर्वकालिक रिकॉर्ड है।

एक दिन में 983 व्हीलसेट की अब तक की सबसे अधिक व्हीलसेट लोडिंग 8 नवंबर को हासिल की गई थी। इस अवसर पर आरपीएफ, एनसीसी कैडेट्स द्वारा मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण थे। केवी/आरडब्ल्यूएफ के 10वीं और 12वीं कक्षा के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, महाप्रबंधक ने सभी उपलब्धियों के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की सराहना की और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का आह्वान किया।

## केनरा बैंक ने प्रधान कार्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। केनरा बैंक ने शुक्रवार को बेंगलूरु स्थित अपने प्रधान कार्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर, बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के सत्यनारायण राजू ने कार्यकारी निदेशकों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभा को संबोधित किया। के सत्यनारायण राजू ने आंध्र प्रदेश की पहलवान उमा देवी देवरकोंडा को सम्मानित किया, जिन्होंने रूस में आयोजित विश्व ग्रेपलिंग चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक हासिल किया था। वे आंध्र प्रदेश के श्रीसत्य साईं जिले के सांगला गांव की निवासी हैं। इस आयोजन के दौरान बैंक ने विभिन्न सीएसआर गतिविधियां आयोजित कीं।







# ‘लोकसभा में शतप्रतिशत जीत का लक्ष्य लेकर दिन रात मेहनत करें’

## भाजपा की विशेष कार्यकारिणी सभा में कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हमारे सामने लक्ष्य लोकसभा चुनाव है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने कहा कि लोकसभा चुनाव तक हमें आराम नहीं करना चाहिए और घर पर नहीं बैठना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि हमें अपने विरोधियों को हल्के में नहीं लेना चाहिए, अपनी उपलब्धियों को जनता के सामने रखना चाहिए और पार्टी की जीत के लिए दिन-रात मेहनत करनी चाहिए। वह शनिवार को शहर के पैलेस मैदान में उनकी अध्यक्षता में शुरू हुए प्रदेश भाजपा विशेष कार्यकारिणी के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। एक तरफ लोकसभा चुनाव आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सैकड़ों वर्षों की तपस्या के फलस्वरूप हमारे देश के गौरवशाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गत 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम के परिनिर्वाण के शुभ अवसर पर हम सभी यहां एकत्रित हुए हैं। लेकिन, हम सभी जिस शुभ घड़ी में हैं, वह पिछले कई दशकों से निरंतर संघर्षरत है। प्रभु ने याद दिलाया कि श्री रामचन्द्र के मंदिर समर्पण के लिए निरंतर संघर्ष हुआ था।

पूरे देश में ऐसा माहौल है जहां लाखों हिंदू नाच रहे हैं और भगवान राम के जीवन का जश्न मना रहे हैं। ऐसे शुभ अवसर पर केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है और पिछले साढ़े नौ साल में उसने स्पष्ट विचार रखे हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिए बिना सुशासन दिया है। साथ ही उन्होंने विश्लेषण किया कि इस देश को दुनिया के अग्रणी देशों में ले जाने का काम माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है। हमारे प्रधानमंत्रियों ने देश के सभी क्षेत्रों में एक भी दिन आराम किए बिना विकास किया है। इसके माध्यम से वे आज भारत का नेतृत्व करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की, कार्यकर्ताओं के लिए, कार्यकर्ताओं की पार्टी है। आज भाजपा अपने घोषणा पत्र के सभी कार्य पूरे करते जा रही है। नरेंद्र मोदी के साहसिक नेतृत्व, दूसरी ओर स्वाभिमानी गृह मंत्री अमित शाह जी के धारा 370 को हटाने के साहसिक फैसले ने वहां की उग्रवादी गतिविधियों को आर्थिक मजबूती दी है।

इस मौके पर भाजपा के केन्द्रीय मंत्री एवीं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव भूपेन्द्र यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि सभी एकजुटता के साथ राज्य में 28 में से 28 सीट जीतने का लक्ष्य लेकर कार्य करना चाहिए। केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों के लिए कांग्रेस ने विरोध किया। चाहे वह जनधन खाता हो, जीएसटी हो, दलित राष्ट्रपति चयन हो सभी राष्ट्रीय हित के निर्णयों का कांग्रेस ने विरोध किया है। आज देश की राजनीति से उन्हें उखाड़ भेंकने का संकल्प आप सभी को लेना है। विकसित संकल्प यात्रा एक सच्ची गारंटी है, सच्ची गारंटी मोदी गारंटी है। पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर की वापसी एक अच्छी शुरुआत है।

बैठक में केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येडीयुरप्पा, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, राजीव चन्द्रशेखर, भगवंत खुबा, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, डीवी सदानंद गौड़ा, जगदीश शेट्टर, राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. सी.एन. अश्वत्थनारायण, गोविंदा करजोला, के.एस.ईश्वरप्पा, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि, भाजपा के तत्काल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद नलिन कुमार कटील, विधान परिषद में विपक्ष के नेता कोटा श्रीनिवास पुजारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेता शिवशंकरप्पा ने भाजपा सांसद राघवेंद्र को सराहा, उन्हें पुनर्निर्वाचित करने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमनुरु शिवशंकरप्पा ने शिवमोगा के लोगों से अपील की है कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद बी वाई राघवेंद्र को निर्वाचन क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को देखते हुए फिर से चुनें।

राघवेंद्र भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के कद्दावर नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येडीयुरप्पा के बड़े बेटे हैं। शिवशंकरप्पा ने कहा, उन्हें (राघवेंद्र) एक समझदार नेता कहना गलत नहीं होगा, जो अपने निर्वाचन क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों पर नज़र रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि काम पूरा हो। साथ ही वह यह भी दिखाते हैं कि वे काम भी पूरे किये जा सकते हैं जो उनकी क्षमताओं से परे हैं।

शिवशंकरप्पा शुक्रवार को शिवमोगा के जिला मुख्यालय शहर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे जिसमें राघवेंद्र उनके बगल में बैठे थे। इस दौरान छह बार के विधायक शिवशंकरप्पा ने कहा, मेरी राय में, आप लोगों ने ऐसे अच्छे व्यक्ति को अपना संसद सदस्य चुनकर अच्छा काम किया है। कुछ महीनों में संसद का चुनाव होने वाला है, राघवेंद्र एक बार फिर आपके प्रतिनिधि होंगे क्योंकि भाजपा किसी और को टिकट नहीं देगी।



राघवेंद्र के पिता येडीयुरप्पा के साथ अपने सौहार्दपूर्ण संबंधों पर प्रकाश डालते हुए, शिवशंकरप्पा ने आगे कहा, वह (राघवेंद्र) एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे और उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए जो काम किया है, उसे देखते हुए उनकी जीत सुनिश्चित करना आप (लोगों) पर बड़ी जिम्मेदारी है। ।

शिवशंकरप्पा वीरशैव-लिंगायत समुदाय के एक वरिष्ठ नेता हैं और अखिल भारतीय वीरशैव महासभा के प्रमुख हैं, जिसे वीरशैव-लिंगायतों की सर्वोच्च संस्था माना जाता है। येडीयुरप्पा परिवार भी वीरशैव-लिंगायत समुदाय से आता है। शिवशंकरप्पा के बयान पर प्रतिक्रिया जताते हुए राघवेंद्र ने शनिवार को शिवमोगा में कहा कि वह एक वरिष्ठ नेता हैं और शिवमोगा के विकास को देखकर उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं और उन्हें आशीर्वाद दिया है। राघवेंद्र ने कहा कि शिवशंकरप्पा एक वरिष्ठ नेता हैं, जो अपने सीधेपन के लिए जाने जाते हैं और दूसरी पार्टी में होने के बावजूद उन्होंने मुझे पूरे दिल से आशीर्वाद दिया है। यह मेरा सौभाग्य है। मैंने उनसे पार्टी रुख से हटकर दूसरों के अच्छे कार्यों का सम्मान करना और उनकी सराहना करना सीखा है।

बेंगलूरु में येडीयुरप्पा ने कहा, शिवशंकरप्पा हमारे समुदाय के एक वरिष्ठ नेता हैं और राघवेंद्र के अच्छे काम की उनके द्वारा सराहना और आशीर्वाद ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समुदाय के लोगों में खुशी की भावना भर दी है। मैं उनकी सराहना करता हूं और उन्हें धन्यवाद देता हूं।

## कार पलटने से छात्र की मौत

बेंगलूरु। कर्नाटक के धारवाड़ जिले में शनिवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे 30 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। हादसे में उसकी कार पलट गई। मृतक का नाम दीपक बताया गया है। जबकि, उसका दोस्त विनय इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया।

## इसरो मौसम संबंधी उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए तैयार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। इसरो ने शनिवार को कहा कि उसके मौसम संबंधी उपग्रह इनसेट-3डीएस को जीएसएलवी एफ14 पर प्रक्षेपण के लिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) एसएचएआर के लिए रवाना कर दिया गया है। उपग्रह ने यू.आर. राव उपग्रह केंद्र, बेंगलूरु में उपग्रह संयोजन, एकीकरण और परीक्षण गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा किया था। उपग्रह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के साथ एक उपयोगकर्ता-वित्त पोषित परियोजना है, जिसे 2275 किलोग्राम के लिफ्ट-ऑफ' द्रव्यमान के साथ इसरो के आई-2के बस प्लेटफॉर्म के आसपास संयोजित किया गया है। उपग्रह के निर्माण में भारतीय उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लिफ्ट-ऑफ द्रव्यमान रॉकेट का प्रारंभिक द्रव्यमान है। लिफ्ट ऑफ द्रव्यमान में ईंधन और ऑक्सीडाइजर का कुल द्रव्यमान शामिल होता है। सूत्रों के मुताबिक, अंतरिक्ष एजेंसी फरवरी के मध्य में प्रक्षेपण का लक्ष्य लेकर चल रही है। इसरो ने कहा, इनसेट 3डीएस, इसरो द्वारा निर्मित एक विशिष्ट मौसम संबंधी उपग्रह है जिसका प्राथमिक उद्देश्य मौजूदा कक्षा में इनसेट-3डी और 3डीआर उपग्रहों को सेवाओं की निरंतरता प्रदान करना और इनसेट प्रणाली की क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है।

## ‘इंडि’ गठबंधन को एकजुट रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे : खरगे

कलबुर्गी/दक्षिण भारत। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में वापस जाने की संभावना के बीच शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी को उम्मीद है कि जो लोग देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने की इरादा रखते हैं, वे निश्चित रूप से जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडि अलायंस) को एकजुट रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि जद (यू) नेतृत्व के मन में क्या है। जद(यू) के ‘इंडि’ गठबंधन से बाहर जाने की संभावना पर एक सवाल के जवाब में खरगे ने कहा, क्या वे बाहर जा रहे हैं? मुझे अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। मैंने उनके नेतृत्व को एक पत्र लिखा है और उनसे बात करने की कोशिश की है। मैं स्पष्ट रूप से नहीं जानता कि उनके मन में क्या है। इस बात के पुख्ता संकेत हैं कि जद (यू) प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन' से अलग होने और फिर से भाजपा नीत राजग में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। के सी त्यागी समेत कुछ जद (यू) नेताओं ने दावा किया है कि इंडिया' गठबंधन टूटने की कगार पर है।

## इसरो के किफायती अंतरिक्ष प्लेटफॉर्म पीओईएम-3 ने सभी पेलोड उद्देश्यों को प्राप्त किया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसके अंतरिक्ष प्लेटफॉर्म पीओईएम-3 ने अपने सभी पेलोड उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल-3 (पीओईएम-3) पीएसएलवी-सी58 रॉकेट के पीएस4 चरण का इस्तेमाल किया है जिसने इस साल एक जनवरी को एक्सपोसेट लॉन्च किया था।

इसरो ने कहा कि पीओईएम-3 ने नौ पेलोड के साथ उड़ान भरी थी। कक्षा में 25वें दिन तक पीओईएम-3 ने 400 परिक्रमाएं पूरी कर लीं। अंतरिक्ष एजेंसी ने इसे एक विशिष्ट और किफायती मंच बताया। इस अवधि के दौरान, प्रत्येक पेलोड को योजना के अनुसार परिचालन में लाया गया और प्रदर्शन प्रदर्शित किया गया।


**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय श्री राजकुमार पाण्डेय
सिविल जज सिनियर डिविजन-xi, रांची
सिविल मिसलेनियस केस न. - 65/2022
अराईजिंग आउट ऑफ़ ओ.ए. न. - 468/2018

बिभा चौधरी ----आवेदिका
बनाम
मुकेश कुमार वगैरह ----विपक्षी

नोटिस बनाम :-
**मुकेश कुमार पिता - स्व. महेश्वर प्रसाद,**
निवासी एस.एस. 1075, सोभा सनस्केप, हिल भ्यू, बेंगलूरु।

विदित हो कि आवेदिका ने यह मुकदमा मेरे न्यायालय में आपके विरुद्ध दायर की है जिसमें नजारत एवं निबंधित डाक से इस मुकदमें का नोटिस प्रेषित होन क बाद भी अनुपस्थित है। अतः इस नोटिस के माध्यम से आपको निर्देश दिया जाता है कि इस मुकदमें में सुनवाई के लिए निर्धारित अगली तिथि 05-02-2024 को बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा वाद की सुनवाई आपके अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 18-01-2024 को जारी किया गया।

सिविल जज सिनियर
(डिविजन-xi) - रांची



डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com



।। जय भिक्षु।। ॐ अर्हम ।। जय महाश्रमण।।

सप्तम पुण्यस्मरण पर नमन



स्वर्गवास 27.01.2017

श्रीमती सरला बाबेल
धर्मपत्नी : प्रकाशचन्द बाबेल

बडों का आदर करने, छोटों पर असीम स्नेह की वर्षा करने, सब परिवारजनों के साथ स्नेहभरा सामंजस्य स्थापित कर अटूट पारिवारिक बंधन को हमेशा मजबूत करने की प्रेरणा देने वाली इस दिव्यात्मा के सद्कर्म सदैव हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहें, यही परमात्मा से प्रार्थना है। हम सबकी ओर से दिवंगत पुण्यात्मा को सादर विनम्र श्रद्धांजलि।

श्रद्धावनत
पति : प्रकाशचन्द बाबेल
पुत्र-पुत्रवधु : दीपक-रेखा, पुत्र : विकास
पौत्र, पौत्री : ध्रुव, यश्वी एवं समस्त बाबेल परिवार
मरुधर में ठीकरवास कलां, यशवंतपुर, बेंगलूरु
पुत्री-दामाद : वंदना-मनोजकुमारजी टुंकलिया, दोहित्र,दोहित्री : परी, रियांश

Firm
SURABHI JEWELLERS
PRAKASH JEWELS & DIAMONDS
YESHWANTHPUR, BANGALORE 560 022



* हार्दिक श्रद्धांजलि *

।। श्री हरि: ।।
।। श्री हरि: ।।
।। श्री हरि: ।।



।। श्री हरि: ।।
।। श्री हरि: ।।
।। श्री हरि: ।।

स्व. श्री मोहनलालजी जिन्दल
(सुपुत्र: स्व. श्री शिवलालजी जिन्दल)

प्रेम आपका था हम पर, करते हैं नमन आपको ।
श्रद्धा के सुमन समर्पित, रखेंगे सदैव स्मरण आपको ।।

:: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता ::

* पुत्री-दामाद *
अमृता - राजेश अग्रवाल
* दोहितावधु-दोहिता *
प्रेष्ठा - सिद्धार्थ अग्रवाल
* दोहिती-दोहिती दामाद *
ऐश्वर्या - शिवेक अग्रवाल
(हैदराबाद)

* पुत्री-दामाद *
डिम्पल - हेमन्त बजाज
* दोहितावधु-दोहिता *
शिवांगी - वेदांत बजाज
(चेन्नई)

* पड़दोहिता-पड़ दोहिती : दिहाना, रेर्थ, व्रिशांक, विरिका, श्रिया

LODHA'S ADVT



# भाजपा सरकार के काम को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रचार की जरुरत : सीपी जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डा सी पी जोशी ने वर्तमान समय में प्रिंट मीडिया, डिजिटल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तीनों का बड़ा महत्व बताते हुए कहा है कि भाजपा सरकार आमजन के हित में श्रेष्ठ कार्य कर रही है, इसे मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रभावशाली प्रचार की जरुरत है।

जोशी शनिवार को यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मीडिया और सोशल मीडिया की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान देश में इतना काम हुआ है वहीं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मात्र 50 दिनों में ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में जो काम हुए वो कांग्रेस के पांच सालों में भी नहीं हो पाए।

उन्होंने कहा कि साढ़े चार सौ रूपये में गैस सिलेण्डर दिया जाने लगा, जिन लोगों ने पेपरलीक कर युवाओं का भविष्य खराब किया उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए एसआईटी का गठन, अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया और अपराध एवं अपराधियों पर तुरंत एक्शन लेने के लिए सीबीआई पर राज्य सरकार की स्वीकृति की बाध्यता समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों से भ्रष्टाचार और अपराध करने वालों की नींद उड़ चुकी है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रिंट मीडिया, डिजिटल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तीनों का ही बड़ा महत्व है, ये अपनी प्रभावी छाप छोडते हैं। डिजिटल मीडिया की ताकत से आज दुनिया में किसी भी स्थान की खबर हमें शीघ्र मिल जाती है।

इसके माध्यम से आज हम अपनी बात तुरंत ही देश-दुनिया में पहुंचा सकते है, इसलिए यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि जिस विषय पर हम बात करे हमें उसका पूरा ज्ञान होना चाहिए।

जोशी ने लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से राजस्थान में सभी 25 सीटों पर कमल खिलाने के लक्ष्य को लेकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि जितना बोलने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के पास है उतना देश के अन्य किसी राजनीतिक दल के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी ने जो काम पिछले दस वर्षों में किया वो पिछले साठ सालों में कोई भी सरकार नहीं कर पाई। मोदी के नेतृत्व देश का विकास और अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। दुनिया में देश का वैभव बढ़ा है, गरीब कल्याण, किसान कल्याण, युवाओं के सपनों की उड़ान, नारी सशक्तिकरण एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की दृष्टि से अकल्पनीय काम हुए है।

कार्यशाली में राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्य के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री एवं आईटी-मीडिया-सोशल मीडिया प्रभारी पिंकेश पोरवाल, मीडिया विभाग के संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया विभाग के संयोजक हीरेंद्र कौशिक, आईटी विभाग के संयोजक धनराज सोलंकी सहित इन विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## आईआईटी-जोधपुर ने यातायात दबाव, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से एक तकनीक विकसित की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने एक ऐसी अत्याधुनिक तकनीक विकसित करने का दावा किया है जिससे यातायात दबाव और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। संस्थान के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विकसित 'नोवेल मैक-आधारित प्रमाणीकरण योजना' (एनओएमएएस) का उद्देश्य न केवल वाहन सुरक्षा को बढ़ाना है, बल्कि देश की सड़कों पर विभिन्न चुनौतियों का समाधान भी करना है। इस तकनीक को विकसित करने में शामिल एक प्रोफेसर ने कहा कि इस तकनीक के जरिये सड़क की स्थिति, दुर्घटनाओं और यातायात जाम के संबंध में आंकड़ों को उपलब्ध कराकर सड़क सुरक्षा को बढ़ाना है।

'इंटरनेट ऑफ व्हीकल्स नेटवर्क' के माध्यम से एकत्र और साझा किये गये आंकड़ों का विश्लेषण दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों और सड़क की स्थिति की पहचान करने के लिए भी किया जा सकता है।

यह तकनीक 'इंटरनेट ऑफ व्हीकल्स' यानी आइओवी नेटवर्क के आधार पर काम करती है। कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर देबासिस दास ने कहा कि इस तकनीक सड़क सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने का प्रयास किया गया है।



# राजस्थान में परंपरागत उत्साह से मनाया गया गणतंत्र दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में 75वां गणतंत्र दिवस शुक्रवार को परंपरागत उत्साह के साथ मनाया गया और पूरे राज्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। राज्य स्तरीय समारोह शुक्रवार सुबह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित हुआ। यहां राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने इसके बाद परेड का निरीक्षण किया और सलामी गारद द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी मौजूद थे।

उल्लास, उमंग और उत्साह से मनाए गए गणतंत्र दिवस पर्व में समारोह स्थल पर हाड़ीरानी महिला बटालियन, पुलिस आयुक्तालय जयपुर, जीआरपी, राजस्थान कारागार विभाग, पंजाब पुलिस, एसडीआआरएफ, तीसरी बटालियन आरएसी, बॉर्डर होमगार्ड, अरबन होमगार्ड, एनसीसी की आर्मी, एयरविंग और नेवल विंग, स्काउट एवं गाइड, एमजीडी स्कूल आदि की टुकड़ियों ने परेड में हिस्सा लिया। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी निश्चय प्रसाद एम. ने किया।

समारोह में महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा सौंगी मुखोटों, पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा छाऊ, गुजरात के कलाकारों द्वारा डांडिया रास की प्रस्तुति हुई, वहीं राजस्थान के कलाकारों द्वारा आंगी गैर, घूमर, कच्छी घोड़ी आदि के मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए। इसी तरह स्कूली बच्चों ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के गुणगान के साथ विकसित भारत पर आधारित गीत, संगीत, नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। स्टेडियम में उदयपुर के विकास जानने के निर्देशन में कलाकारों ने अपनी यह प्रस्तुतियां दी।

बाद में मादक पदार्थों और अन्य अपराधों से जुड़े अपराधियों को पकड़ने में पुलिस और श्वान की भूमिका दर्शाते विशेष करतब प्रदर्शन भी हुए। स्टेडियम में राजस्थान पुलिस और सेना के जवानों द्वारा घुड़सवारी के साथ शौर्य प्रदर्शन किया गया। समारोह में एमजीडी स्कूल, भारतीय सेना और राजस्थान पुलिस के सेन्ट्रल बैण्ड ने सधे कदम-ताल में देशभक्ति गीतों संग मधुर धुनों की प्रस्तुतियां दी।

इससे पहले राज्यपाल ने अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया और मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य के सभी जिलों में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हुए जहां मंत्रियों ने तिरंगा फहराया। विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यालयों, विभागीय मुख्यालयों, विभिन्न स्कूल-कॉलेज में भी गणतंत्र दिवस समारोह हुए।

## राजे से उनके आवास पर मिले मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यहां पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे से उनके आवास पर मुलाकात की। शर्मा सिविल लाइंस स्थित राजे के सरकारी निवास पहुंचे और करीब बीस मिनट तक वहां रुके।

उल्लेखनीय है कि दिसंबर में राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बहुमत मिलने के बाद राजे को मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा था। हालांकि, पार्टी आलाकमान ने 12 दिसंबर को इस पद के लिए पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा को चुना।

## राजस्थान में अवैध खनन को रोकने के लिए बड़े खनन क्षेत्रों का ड्रोन से होगा सर्वे : अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जारी राज्यव्यापी अभियान के तहत आवश्यकता होने पर बड़े खनन क्षेत्रों में ड्रोन से सर्वे करवाया जाएगा ताकि इस तरह की गतिविधियों को रोका जा सके। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य खान सचिव ने शनविार को विभागीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश जारी किया।

एक आधकिारकि बयान के अनुसार अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में बड़े खनन क्षेत्रों में आवश्यकता होने पर ड्रोन के माध्यम से सर्वें कराकर अवैध खनन गतिविधियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में राज्यव्यापी संयुक्त अभियान के तहत अवैध खनन गतिविधियों के स्रोत को ही समाप्त करने पर जोर दिया गया ताकि इस अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी रोक लग सके। खान सचिव आनन्दी ने खान विभाग के अधिकारियों से इस बाबत डिजिटल तरीके से बैठक की।

उन्होंने खातेदारी भूमि (जिन लोगों के पास खेती के लिए जमीन नहीं होती, उन्हें सरकार जमीन आवंटित करती है।) पर हो रहे अवैध खनन के मामलों में भारतीय दंड संहिता की धारा 177 में कार्रवाई कर राजस्व अधिकारियों को खातेदारी निरस्तीकरण के प्रस्ताव भेजने को कहा। बैठक में बताया गया कि अकेले भीलवाड़ा में ही खातेदारी पर अवैध खनन के 70-75 मुकदमे चिन्हित कर राजस्व अधिकारियों को भेजे जा चुके हैं। वहीं अन्य स्थानों पर भी इस तरह के मुकदमे तैयार कर राजस्व अधिकारियों को भेजने को कहा गया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से लगते सीमावर्ती इलाकों में अवैध खनन और परिवहन की प्रभावी जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अवैध खनन को पूरी तरह से रोकना है और अधिकारियों को सरकार की इस मंशा का समझते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई करनी होगी।

# पढ़ाई का मकसद पास होना नहीं बल्कि उच्च गुणवत्ता होनी चाहिए : दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को कोटा जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयागांव के वार्षिक उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर सुहाना सर्दी कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 से 5 तक के बच्चो को स्वेटर वितरित किये।

शिक्षा मंत्री ने कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिल भी वितरित की। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चो को शिक्षा, सुसंगत एवं संस्कार का महत्व बताया। उन्होने कहा कि इन तीनो के समन्वय से ही एक जिम्मेदार नागरिक बना जा सकता है। उन्होंने सभी को राममंदिर निर्माण एवं गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने मार्यादा पुरषोत्तम राम के आचरण से सीख लेने का आह्वाहन किया। उन्होंने सूर्य सप्तमी के दिन सूर्य नमस्कार करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे स्वस्थ शरीर, स्वस्थ भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि सूर्य ऊर्जा प्रकाश और सकारात्मकता का प्रतीक है, इसलिए सूर्य नमस्कार को सकारात्मकता की मानसिकता से करे।

उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन की बात करते हुए सभी को नियमित रूप से स्वच्छता में योगदान करने का संकल्प भी दिलवाया।

उन्होंने कहा कि पढाई का मकसद सिर्फ पास होना नहीं होना चाहिए बल्कि शिक्षा गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए जिसमें बच्चों की तार्किक शक्ति का विकास हो। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा लगभग 1000 स्वेटर एवं 200 साईकल वितरित की गई हैं। स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, संगीत की प्रस्तुतियां भी दी।

सीबीईओ ऋतु शर्मा ने बताया कि सुहाना सर्दी संस्था द्वारा इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री के माध्यम से सर्दी से बचाव के लिए छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित किये गए। मंत्री ने भामाशाह प्रवीण सैनी का सम्मान करते हुए उनको ऐसे अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने राम गोपाल गहलोत को समाज एवं शिक्षा में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया।

## देश की आजादी छीनने का काम कर रही है केंद्र सरकार : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस की राजस्थान प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश की आजादी छीनने का काम कर रही है। डोटासरा ने कहा कि देश संविधान से चलता है जिसका पालन केंद्र सरकार नहीं कर रही है। गणतंत्र दिवस पर पार्टी कार्यालय पर तिरंगा फहराने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा, आज केंद्र में जिस प्रकार की सत्ता काम कर रही है... वह संविधान की धज्जियां उड़ा रही है ...संविधान को मान नहीं रहे हैं। जिस संविधान से हमारा देश चलता है ... जिसमें बोलने, पढ़ने की आजादी है ... लेकिन आज जन प्रतिनिधियों को बात रखने की आजादी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा, एक तरीके से देश की आजादी छीनने का काम केंद्र की सरकार कर रही है।



उन्होंने कहा कि केवल संसद की सुरक्षा का मुद्दा उठाने पर 150 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा, जो कानून जन प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद पारित होना चाहिए, उन कानूनों को आनन फानन में पारित करा लिया गया। डोटासरा ने आरोप लगाया कि देश में जिस तरह का माहौल है उससे संविधान खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र को बचाने के लिए काम करेंगे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में तीन लोगों की मौत

झुंझुनू। राजस्थान में झुंझुनू जिले के उदयपुरवाटी में इंद्रपुरा नर्सरी के पास ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली और पिकअप में टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गए।

थाना प्रभारी मांगीलाल मीणा ने बताया कि ईटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली गत रात्रि उदयपुरवाटी से झुंझुनू की तरफ जा रही थी। इसी दौरान सामने से एक पिकअप आ रही थी। इंद्रपुरा नर्सरी के पास पिकअप अनियंत्रित हो गई और साइड से ट्रॉली से टकरा गई। हादसा इतना भयंकर था कि पिकअप पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

## इंडिया गठबंधन आने वाले समय में हो जाएगा तार-तार : राजेंद्र राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। बीजेपी ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनावों को देखते हुए बीजेपी ने पूरे देश में 147 क्लस्टर तैयार कर दिए हैं। भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ को एक कलेक्टर का प्रभारी बनाया गया है। जिसमें तीन लोकसभा सीटें भरतपुर, सवाई माधोपुर, करौली-धौलपुर आती हैं। शनिवार को राजेंद्र राठौड़ भरतपुर पहुंचे और भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। राजेंद्र राठौड़ ने कहा की, कांग्रेस पार्टी के करीब एक दर्जन नेता जो कई संभागों से आते हैं। वह भाजपा में आने की कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल उनका नाम उजागर करना ठीक नहीं है। जब किसी जहाज के अंदर नीचे से बड़ा सुराख हो जाता है और, जहाज में पानी भरने लगता है तो लोग उसमें से कूद कर सबसे पहले किनारा पकड़ने की कोशिश करते हैं। इस तरह किनारा पकड़ने वाले कांग्रेस के बड़े दिग्गज एक दर्जन से ज्यादा नेता ऐसे हैं जो, इस काम में लगे हुए हैं लेकिन, अभी उनका नाम उजागर करना उचित नहीं होगा।

# सांभर उत्सव को कच्छ रण उत्सव की तर्ज पर किया जाएगा विकसित : दीयाकुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने प्रसिद्ध सांभर झील क्षेत्र में पर्यटन की बहुत संभावनाएं बताते हुए कहा है कि यहां पर्यटन एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के साथ सांभर उत्सव को गुजरात के कच्छ रण उत्सव की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

दीया कुमारी शुक्रवार को सांभर लेक में विभाग एवं जयपुर जिला प्रशासन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय सांभर उत्सव के शुभारंभ के दौरान यह बात कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यहां कि सभी संभावनाओं पर तत्काल काम शुरू करे और सांभर उत्सव को कच्छ के रन फेस्टिवल की तर्ज पर विकसित करे। उन्होंने कहा कि सांभर लेक बहुत बड़े क्षेत्र में है और यह रामसर साईट जहां लाखों की संख्या में फ्लेमिंगो और अन्य विदेशी पक्षी प्रवास के लिए आते है। यदि यहां की संभावनाओं पर काम कर सुविधाएं विकसित की जाए तो यह बड़ा पर्यटन स्थल बन सकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का पूरा प्रयास रहेगा कि आने वाले दिनों में सांभर अन्तरराष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराए।



उन्होंने कहा कि सांभर का विकास पिछले पांच साल से ठप्प था लेकिन अब राज्य सरकार का पूरा प्रयास रहेगा कि सांभर का विकास हो। उन्होंने सांभर में पर्यटन की अपार संभावनाएं बताते हुए कहा कि पर्यटन विभाग सैलानियों के लिए पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं विकसित करने पर भी जोर देगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग के जरिए राज्य सरकार का प्रयास रहेगा कि सांभर और इसके आस-पास के कस्बों का विकास करते हुए यहां पर पर्यटन एवं रोजगार दोनों बढ़ाये जाये।

इस दौरान उन्होंने पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी, फैंसी काइट आदि का भी अवलोकन किया । उन्होंने नरियासर मोड़ के पास सांभर लेक में बर्ड वॉचिंग भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि फ्लेमिंगो सहित अन्य कई प्रजातिओं के लाखों पक्षी हर वर्ष यहां आते है। इनके नेचुरल हैबिटेट को संरक्षित किया जाये। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने सांभर उत्सव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस उत्सव में सैलानियों को प्रदेश की कला व लोक संस्कृति के साथ साथ विरासत व परंपराओं को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। शेखावत ने बताया कि सांभर उत्सव के दौरान सैलानियों को धार्मिक-विरासत व सहासिक पर्यटन को मेल देखने को मिलता है वहीं लोक-कला संस्कृति के साथ ही नमक उत्पादन की प्रक्रिया को सैलानी समझ पाते हैं। यहां पर्यटकों के लिए ट्रेन से बर्ड वॉचिंग,साल्ट लेक विजिट एवम नमक निकालने की प्रक्रिया को देखने की सुविधा उपलब्ध है। उत्सव के दौरान सांभर टाउन हैरिटेज वाक,साइक्लिंग टूर, फैंसी काइट फ्लाइंग, फोटोग्राफी कंपीटिशन , दीपोत्सव , सांस्कृतिक संध्या आदि कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

सांभर उत्सव के शुभारंभ के मौके पर जयपुर की खासा कोठी से सुबह आठ बजे मोटरसाइकिल रैली सांभर लेक टाऊन के लिए रवाना हुई और झपोक पहुंची जहां मोटरसाइकिल रैली सवारों का स्वागत किया गया। यहां पर आर्ट एण्ड क्राफ्ट स्टॉल, फोटोग्राफी एग्जिबिशन भी लगाई गई। सवरे से लेकर शाम तक यहां पर फैन्सी काइट फ्लाइंग, सैलानियों के लिए ऊंट गाड़ी की सैर, पैरासीलिंग आदि एडवेंचर टूरिज्म गतिविधियों का आयोजन किया गया।



## 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' पर कार्य जारी, विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर : मोदी

**मुंबई/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्हें खुशी है कि संसद और राज्य विधायिकाएं 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने यहां 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने सदस्यों के आपत्तिजनक व्यवहार पर अंकुश लगाने के बजाय उनके समर्थन में उतर आते हैं। उन्होंने कहा कि यह संसद या विधानसभाओं के लिए अच्छी बात नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा, वर्ष 2021 में, आपके साथ चर्चा के दौरान मैंने 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के बारे में बात की थी। मुझे खुशी है कि हमारी संसद और राज्य विधानसभाएं अब ई-विधान और डिजिटल संसद मंचों के माध्यम से इस लक्ष्य पर काम कर रही हैं। 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' परियोजना का उद्देश्य सभी विधानमंडलों की कार्यवाही को एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर करती है। मोदी ने कहा, एक समय था जब सदन में अगर कोई सदस्य नियम तोड़ता था और उस सदस्य के खिलाफ कार्रवाई होती थी तो सदन के वरिष्ठ सदस्य उनसे बात करते थे ताकि भविष्य में वह गलती को न दोहराएं और सदन के नियम न तोड़ें। प्रधानमंत्री ने कहा, लेकिन, आजकल कुछ राजनीतिक दल ऐसे सदस्यों के समर्थन में खड़े होते हैं और उनकी गलतियों का बचाव करते हैं। यह संसद या राज्य विधायिकाओं के लिए अच्छा नहीं है।

## नीतीश के राजग के साथ जाने को जनता उचित नहीं मानेगी, चुनाव में फैसला करेगी जनता : मोहन प्रकाश



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश ने शनिवार को कहा कि नीतीश कुमार के फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में जाने के कदम को राज्य की जनता शायद उचित नहीं माने और आगामी चुनाव में जनता निर्णय कर देगी। प्रकाश ने यह भी कहा कि राजनीति में कभी शून्यता नहीं रहती है और आने वाला चुनाव इस बात की पुष्टि कर देगा कि बिहार के लोग राजनीतिक रूप से बहुत जागरुक हैं। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है, जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सत्तारूढ़ 'महागठबंधन' को छोड़ने और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने की योजना बनाने के मजबूत संकेत मिल रहे हैं। प्रकाश ने संवाददाताओं से कहा, राजनीति में कभी शून्यता नहीं रहती। बिहार की जनता किसी भी प्रदेश के मुकाबले राजनीतिक रूप से ज्यादा जागरूक है। बिहार की जनता आने वाले चुनाव में निर्णय कर देगी। आगे आना वाला चुनाव इस बात की पुष्टि करेगा।

## एटीएस ने 97,500 रुपए की नकली मुद्रा जब्त की, दो तस्करों को गिरफ्तार किया

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने बांग्लादेश से लाकर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कथित तौर पर जाली भारतीय मुद्रा की तस्करी करने के मामले में दो लोगों को शनिवार को वाराणसी से गिरफ्तार किया है और उनके पास से 97,500 रुपए की जाली मुद्रा भी बरामद की गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बयान में यह जानकारी दी।

उप्र के पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश से जाली भारतीय मुद्रा को पश्चिम बंगाल के सहयोगियों के माध्यम से फरक्का, मालदा के रास्ते उत्तर प्रदेश में लाकर अलग-अलग जिलों में तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों-प्रतापगढ़ के निवासी दीपक कुमार और इसी चंदन सैनिक को वाराणसी से आज सुबह गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 97,500 रुपए की जाली मुद्रा और पश्चिम बंगाल आने जाने के फ्लाइट और रेल टिकट बरामद किए हैं। बयान में कहा गया कि एटीएस को सूचना मिली थी कि राज्य के कुछ लोग जाली भारतीय मुद्रा की तस्करी करने वाले पश्चिम बंगाल के गिरोह के संपर्क में है और बांग्लादेश में छपने वाली जाली मुद्रा यहां लाकर उत्तर प्रदेश के जिलों में तस्करी करते हैं। एटीएस के अनुसार दीपक कुमार और चंदन सैनिक तस्करी के कई मामलों में आरोपी हैं। अभियुक्त दीपक कुमार पूर्व में गांजा तस्करी के मामले में मांधाता थाने से और चंदन सैनिक दो बार गांजा तस्करी एवं वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

# अब पराली और गोबर बनेगा किसानों की अतिरिक्त आय का जरिया : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बदायूं (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट से ना केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों द्वारा खेतों में पराली जलाने की बहुत बड़ी समस्या का समाधान होगा।

योगी ने कहा कि जिस पराली को पहले जला दिया जाता था अब ये हमारे किसानों की अतिरिक्त आमदनी का माध्यम बनेगा। इसके साथ ही गोबर से भी किसानों को अतिरिक्त आय होगी। सीबीजी प्लांट ना केवल किसान और पशुपालकों के लिए, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां दातागंज विधानसभा के सैंजनी गांव में सीबीजी प्लांट का उद्घाटन करने पहुंचे थे। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक रूप से विपन्न क्षेत्र में सीबीजी प्लांट पर्यावरण की रक्षा, अन्नदाता किसानों की आमदनी, युवाओं को रोजगार और नए उद्यम स्थापित करने का नया माध्यम बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्लांट की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के आठ जिलों जौनपुर, अमेठी, सीतापुर, फतेहपुर, बहराइच, बरेली, कन्नौज और बदायूं में सीबीजी प्लांट लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं में 133 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सीबीजी प्लांट 50 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन धान की पराली का उपयोग करते हुए 14.25 मीट्रिक टन बायोगैस का उत्पादन हो सकेगा। साथ ही 65 मीट्रिक टन ठोस जैविक खाद का प्रतिदिन उत्पादन भी होगा। इससे प्राकृतिक और कच्चे तेल के आयात में कमी आएगी, साथ ही साथ प्रदूषण में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में ये संयंत्र सहायक होगा और तो और जैव उर्वरक के प्रयोग से मिट्टी में कार्बन तत्व की वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य में 100 सीबीजी प्लांट लगाए जाएंगे।

## उत्तर एवं पूर्वी सिक्किम के बीच सड़क सम्पर्क आंशिक रूप से बहाल, अक्टूबर में बाढ़ में टूटा था : बीआरओ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** उत्तर और पूर्वी सिक्किम के बीच सड़क संपर्क आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है और स्थायी सम्पर्क अगले साल अप्रैल तक कायम होने की उम्मीद है। यह सड़क सम्पर्क पिछले साल अक्टूबर में बाढ़ के दौरान टूट गया था। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बीआरओ के अतिरिक्त महानिदेशक (पूर्व) पी के एच सिंह ने बताया कि सिक्किम के सभी क्षतिग्रस्त हिस्सों में बहाली का काम शुरू हो गया है, लेकिन ये सड़कें वर्तमान में केवल 20 टन का भार ही सहन कर सकती हैं, सामान्य 70 टन का नहीं। उन्होंने बताया कि हिमनद झील के फटने से आयी बाढ़ ने हिमालयी राज्य में तीस्ता नदी के किनारे बनी मुख्य सड़कें गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थीं और चुंगथांग से आगे लाचेन-लाचुंग घाटी मुख्य भूमि से कट गई थी। सिंह ने कहा कि चुंगथांग से लाचेन और नागा से टूंग तक की सड़कें पूरी तरह से बह गई थीं, जो उत्तरी सिक्किम की जीवन रेखाएं हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही जीमा, चुंगथांग और टूंग में पुल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। उन्होंने कहा कि इस आपदा ने उत्तरी सिक्किम की ओर जाने वाली सभी संचार लाइन पर कहर बरपाया था। अक्टूबर में उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर अचानक बादल फटने से तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई थी, जिससे कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई थी।

## 'आप के 7 विधायकों को खरीदने, दिल्ली सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा जा रहा'



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में उसकी सरकार को गिराने के लिए उसके सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए देने की पेशकश की है। वहीं, भाजपा की दिल्ली इकाई ने इन आरोपों का खंडन किया और उन सात विधायकों तथा इस प्रस्ताव के साथ उससे संपर्क करने वालों के नाम सार्वजनिक करने की आप को चुनौती दी।

आप ने दावा किया कि पार्टी के एक विधायक से संपर्क करने वाले व्यक्ति की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है और जिसे बाद में जारी किया जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि ''इन्होंने'' (भाजपा) उनकी पार्टी के सात विधायकों से संपर्क किया और उन्हें चेतावनी दी कि आप संयोजक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा, पिछले दिनों इन्होंने दिल्ली के हमारे सात विधायकों से संपर्क कर कहा- 'कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे'। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा, इससे पता चलता है कि केजरीवाल राजनीतिक रूप से कितने हताश हो गए हैं। उनका यह निराधार आरोप खुद को राजनीतिक रूप से जिंदा रखने की कोशिश है।



## भाजपा गैर-राजनीतिक लोगों को शामिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रही : मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि भाजपा राज्यों के विकास के लिए गैर-राजनीतिक लोगों को पार्टी में शामिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें पश्चिम बंगाल, ओडिशा और बिहार समेत पूर्वी राज्यों में अभियान की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है।

शर्मा ने सोनितपुर जिले में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, हम गैर-राजनीतिक लोगों या कम से कम उन लोगों को पार्टी में लाने की कोशिश कर रहे हैं जो अब तक गैर-राजनीतिक रहे हैं, ताकि वे भाजपा के माध्यम से राज्यों के विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि पार्टी अधिक से अधिक संख्या में वकीलों, चिकित्सकों, इंजीनियर, सीए और ऐसे ही पेशेवर लोगों को पार्टी में लाने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, पूर्वी राज्यों के लिए यह जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है। इसलिए, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों में हम गैर-राजनीतिक लोगों को पार्टी में लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन की शनिवार को औपचारिक घोषणा कर दी और सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर गठबंधन की घोषणा की। यादव ने पोस्ट में कहा, कांग्रेस के साथ 11 मजबूत सीट से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही हैये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा।

इसी पोस्ट में उन्होंने कहा कि 'इंडिया' की टीम और 'पीडीए' की रणनीति इतिहास बदल देगी। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने से कहा, हमने (सपा) उन्हें (कांग्रेस) 11 सीटों की पेशकश की है, ताकि हमारे बीच में सम्मानजनक आपसी समन्वय बना रहे और हम भाजपा को हराना चाहते हैं। चौधरी ने यह भी कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लगातार कांग्रेस के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सीटों की संख्या, जो अभी 11 है भविष्य में उसके बढ़ने की संभावना नहीं है। सपा के मुख्य प्रवक्ता ने कहा, हमने कांग्रेस को (उप्र में) 11 सीटें और राष्ट्रीय लोक दल को 7 सीटें (कुल 18) दी हैं। लोस चुनाव में सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सपा के अन्य वरिष्ठ नेता राजपाल कश्यप से जब सपा द्वारा कांग्रेस को दी गई 11 सीटों के नाम बताने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा, अभी सीटों के नाम उजागर नहीं किए जा सकते।



## हार्दिक पंड्या ने पूरे दमखम से शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वडोदरा/भाषा।** भारत के अनुभवी हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने अपने टखने की चोट से उबरने के बाद पूरी लय में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए तैयार हैं जहां वह मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। पिछले साल टखने की चोट के कारण विश्व कप से बाहर होने वाले पंड्या को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो फुटेज में गेंदबाजी करते देखा गया।

हार्दिक पंड्या ने कहा, खेल में वापसी करके मुझे अच्छा लग रहा है। मेरी यात्रा 17 साल पहले इसी मैदान पर शुरू हुई थी।

हार्दिक को इस दौरान गेंदबाजी के अलावा मैदान में दौड़ लगाते और व्यायाम करते देखा गया उन्होंने कहा, मैं अभ्यास में जितना समय दे सकता हूं, हर दिन उतना दे रहा हूं।

हार्दिक को गुजरात टाइटंस से 'हाई-प्रोफाइल ट्रेड' के बाद 15 दिसंबर को बेहद सफल रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया था। वह नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मुकाबले के दौरान चोट लगने के बाद से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं।

वह इस महीने की शुरुआत में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी 20 शृंखला में नहीं खेल पाए थे।



## बिहार में राजद की बैठक, नेताओं ने फैसला लालू प्रसाद पर छोड़ा

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से किनारा करने की आशंका के बीच शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं ने यहां बैठक की और पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद को ''कोई भी फैसला'' लेने के लिए अधिकृत किया। राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने यहां प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी के आवास पर आयोजित पार्टी की बैठक के बाद इसकी घोषणा की।

झा ने कहा, कृपया और अधिक सवाल नहीं पूछे।

बैठक में राज्य विधानमंडल के सदस्यों समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे। 79 विधायकों के साथ राजद विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी है। राजद महागठबंधन में सबसे बड़ा दल है। इसके अलावा कांग्रेस और तीन वामपंथी दल भी इसमें शामिल हैं।

अगर नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) महागठबंधन से किनारा कर लेती है तो महागठबंधन के पास विधानसभा में बहुमत के लिए आठ सदस्य कम रह जाएंगे।

## भाजपा के साथ जाने से नीतीश कुमार की छवि खराब होगी : हरीश रावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने शनिवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार 'इंडिया' गठबंधन के सूत्रधार हैं और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने से उनकी छवि को नुकसान होगा। रावत ने यह भी कहा कि अगर कुमार को कोई शिकायत है तो उसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, राजद और हम सभी, समाधान तलाशने के लिए तैयार हैं।

कुमार ने भाजपा से नाता तोड़ने के बाद अगस्त 2022 में राजद से हाथ मिला लिया था। इसके बाद, उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए देश भर में सभी विपक्षी दलों को एक साथ लाने का अभियान शुरू किया, जिसकी परिणति 'इंडिया' गठबंधन के गठन के रूप में हुई। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने कहा, अगर उनकी (कुमार की) कुछ शिकायतें हैं तो गठबंधन के भीतर दूर की जाएंगी। राजद और हम सभी, समाधान तलाशने के लिए तैयार हैं। उन्हें पाला बदलने की जरूरत नहीं है। इससे उनकी छवि खराब होगी।

# किसी लक्ष्य का निर्धारण कर खुद पर दबाव नहीं बनने दे रहे हैं : म्हाम्ब्रे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे पहले टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को इंग्लैंड के द्वारा दूसरी पारी में प्रभावी बढ़त लेने पर ज्यादा चिंतित नहीं होते हुए कहा कि स्पिनरों को यहां तेज घुमाव नहीं मिल रहा है।

भारतीय टीम ने पहली पारी में 190 रन की बड़ी बढ़त हासिल थी थी। इंग्लैंड ने ओली पोप की नाबाद शतकीय पारी के दम पर दूसरी पारी में छह विकेट पर 316 रन बना कर 126 रन की बढ़त हासिल कर ली।

मैच के आगे बढ़ने के साथ बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां थोड़ी मुश्किल होती जा रही है लेकिन म्हाम्ब्रे ने कहा कि वह किसी लक्ष्य का निर्धारण कर टीम पर दबाव नहीं बनाने देना चाहते है। उन्होंने कहा, हम किसी विशेष लक्ष्य का पीछा करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं क्योंकि मैंने कहा था कि उद्देश्य कल सुबह जल्दी विकेट हासिल करना और उनके स्कोर को सीमित करना है।

म्हाम्ब्रे ने दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम कोई लक्ष्य निर्धारित करके खुद पर कोई दबाव नहीं डाल रहे हैं। हम सिर्फ विकेट से टर्न और उछाल हासिल करने के लिए सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करना चाहते हैं।

म्हाम्ब्रे ने कहा कि पिच से स्पिनरों को टर्न (गेंद की घुमाव) मिल रही है लेकिन इसे निपटा जा सकता है क्योंकि गेंद तेजी से टर्न नहीं ले रही है।

उन्होंने कहा, अगर आप पिछले कुछ दिनों में पहले सत्र के खेल को देखे तो मुझे लगता है कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी थोड़ी आसान है। मुझे लगता है कि यह थोड़ा बेहतर होने वाला है। उन्होंने कहा, पिच से गेंदबाजों को टर्न मिलेगा लेकिन वह वैसा टर्न नहीं है जैसा आम तौर पर आप भारतीय उपमहाद्वीप में देखते हैं। उपमहाद्वीप में जब खेल आगे बढ़ता है तो गेंद तेजी से घूमती है लेकिन यहां वैसा नहीं दिखा है। यह उतना चुनौतीपूर्ण नहीं है।

## 'इंडिया' गठबंधन नहीं बिखरेगा, इसे मजबूत बनाने के लिए हर कदम उठाने को तैयार : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) नहीं बिखरेगा तथा वह इसे मजबूत बनाने के लिए हर कदम उठाने को तैयार है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार की 'इंडिया' गठबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका और योगदान है तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनसे बातचीत करने के प्रयास किए, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। बिहार को लेकर उनका कहना था कि गठबंधन में परिस्थिति बेहतर हो सकती है। रमेश ने यह भी कहा कि गठबंधन को मजबूत करने के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। सीट बंटवारे पर विलंब से जुड़े सवाल पर रमेश ने कहा, यह कहना गलत है कि कांग्रेस की वजह से सीट बंटवारा नहीं हो सका। ऐसा नहीं है कि हमारी वजह से देरी हो रही है...राज्यों में हमारी बजबूत इकाइयां हैं....मुझे लगता है कि कुछ दिनों के भीतर हम सहमति बना लेंगे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि 'इंडिया' गठबंधन नहीं बिखरेगा। रमेश ने कहा कि ममता बनर्जी को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होना चाहिए। उनका कहना था कि गांधी परिवार और कांग्रेस नेतृत्व ममता बनर्जी का बहुत सम्मान करते हैं।

नीतीश के भाजपा के साथ जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर रमेश ने संवाददाताओं से कहा, बिहार में नए मंत्रिमंडल के गठन की बात हो रही है...भूपेश बघेल जी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। मेरी जानकारी के मुताबिक बघेल जी आज रात ही पटना पहुंच जाएंगे।

### कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के लिए शुरू किया क्राउड फंडिंग अभियान

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के वास्ते धन जुटाने के लिए शनिवार को क्राउडफंडिंग अभियान शुरू किया, जिसे उसने 'डोनेट फॉर न्याय' नाम दिया है। इस अभियान के तहत चंदा देने वालों को राहुल गांधी द्वारा हस्ताक्षरित टी-शर्ट और यात्रा से सबंधित कुछ अन्य सामग्री मिलेगी। अजय माकन का कहना है कि यात्रा 67 दिनों तक चलेगी, ऐसे में कोई भी व्यक्ति न्यूनतम 67 रु. या फिर 670 रु., 6700 रुपए, 67000 रुपए या फिर 6.7 लाख रुपए तक योगदान दे सकता है। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि शनिवार को 'डोनेट फॉर न्याय अभियान' शुरू होने के बाद कुछ घंटे भीतर ही दो करोड़ रुपए की राशि एकत्र हो गई।

## सुविचार

**जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे। खुद को निर्बल मानोगे तो निर्बल और सबल मानोगे तो सबल ही बन जाओगे।**

## ट्वीट

आज जोधपुर में जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, उधम प्रोत्साहन संस्थान एवं लघु उद्योग भारती जोधपुर द्वारा आयोजित 'पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव- 2024' में हिस्सा लिया। वहां लघु एवं कुटीर उद्योग एवं हस्तशिल्प कला से निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

-दीया कुमारी

वीरता और आध्यात्म की धरती महाराष्ट्र की महान विभूतियों ने देश का गौरव बढ़ाया है। यहां हुए सामाजिक आंदोलनों ने देश को दिशा दी है। इस गौरवशाली धरा पर हो रहा 84वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन भी देश की विधायी संस्थाओं को और अधिक पारदर्शी, सशक्त और जवाबदेह बनाएगा।

-ओम बिरला

## कहानी

अमृतलाल नागर

# प्रायश्चित



जीवन वाटिका का वसंत, विचारों का अंधड़, भूलों का पर्वत, और ठोकरों का समूह है यौवन। इसी अवस्था में मनुष्य त्यागी, सदाचारी, देश-भक्त एवं समाज-भक्त भी बनते हैं, तथा अपने खून के जोश में वह काम कर दिखाते हैं, जिससे कि उनका नाम संसार के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिख दिया जाता है, तथा इसी आयु में मनुष्य विलासी, लोलुपी और व्यभिचारी भी बन जाता है, और इस प्रकार अपने जीवन को दो कौड़ी का बनाकर पतन के खड्ड में गिर जाता है, अंत में पछताता है, प्रायश्चित करता है, परंतु प्रत्यंचा से निकाला हुआ बाण फिर वापस नहीं लौटता, खोई हुई सच्ची शांति फिर कहीं नहीं मिलती।

मणिधर सुंदर युवक था। उसके पर्स (जेब) में पैसा था और पास में था नवीन उमंगों से पूरित हृदय। वह भोला-भाला सुशील युवक था। बेचारा सीधे मार्ग पर जा रहा था, यारों ने भटका दिया - दीन को पथ-हीन कर दिया। उसे नित्य-प्रति कोठों की सैर कराई, नई-नई परियों की बाँकी झाँकी दिखाई। उसके उच्चविचारों का उसकी महत्वकाक्षांओं का अत्यंत निर्दयता के साथ गला घोंट डाला गया। बनावटी रूप के बाजार ने बेचारे मणिधर को भरमा दिया। पिता से पैसा माँगता था वह, अनाथालयों में चंदा देने के बहाने और उसे आँखें बंद कर बहाता था, गंदी नालियों में, पाप की सरिता में, घृणित वेश्यालयों में।

ऐसी निराली थी उसकी लीला। पंडित जी वृद्ध थे। अनेक कन्याओं के शिक्षक थे। वात्सल्य प्रेम के अवतार थे। किसी भी बालिका के घर खाली हाथ न जाते थे। मिठाई, फल, किताब, नोटबुक आदि कुछ न कुछ ले कर ही जाते थे तथा नित्यप्रति पाठ सुनकर प्रत्येक को पारितोषिक प्रदान करते थे। बालिकाएँ भी उनसे अत्यंत हिल-मिल गई थीं। उनके संरक्षकगण भी पंडित जी की वात्सल्यता देख गदगद हो जाते थे। घरवालों के बाद पंडित जी ही अपनी छात्राओं के निरीक्षक थे, संरक्षक थे। बालिकाएँ इनके घर जातीं, हारमोनियम बजाती, गाती, हँसती, खेलती, कूदती थीं। पंडितजी इससे गदगद हो जाते थे तथा बाहरवालों से प्रेमाश्रु ढरकाते हुआ कहा करते, ''इन्हीं लड़कियों के कारण मेरा बुढ़ापा कटता चला जा रहा है। अन्यथा अकेले तो इस संसार में मेरा एक दिवस भी काटना भारी पड़ जाता।'' समस्त संसार पंडितजी की एक मुँह से प्रशंसा करता था।

बाहरवालों को इस प्रकार ठाट दिखाकर पंडितजी दूसरे ही प्रकार का खेल खेला करते थे। वह अपनी नवयौवना सुंदर छात्राओं को अन्य विषयों के साथ-साथ प्रेम का पाठ भी पढ़ाया करते थे, परंतु वह प्रेम, विशुद्ध प्रेम नहीं, वरन प्रेम की आड़ में भोगलिप्सा की शिक्षा थी, सतीत्व विक्रय का पाठ था। काम-वासना का पाठ पढ़ाकर भोली-भाली बालिकाओं का जीवन नष्ट कराकर दलाली खाने की चाल थी, टट्टी की आड़ में शिकार खेला जाता था। पंडितजी के आस-पास युनिवर्सिटी तथा कालेज के छात्र इस प्रकार भिनभिनाया करते थे, जिस प्रकार कि गुड़ के आस पास मक्खियाँ। विचित्र थे पंडितजी और अद्भुत थी उनकी माया।

रायबहादुर डॉ. शंकरलाल अग्निहोत्री का स्थान समाज में बहुत ऊँचा था। सभा-सोसाइटी के हाकिम-हुक्काम में आदर की दृष्टि से देखे जाते थे वह। उनके थी एक कन्या - मुक्ता। वह हजारों में एक थी - सुंदरता और सुशीलता दोनों में। दुर्भाग्यवश वृद्ध पंडितजी उसे पढ़ाने के लिए नियुक्त किए गए। भोली-भाली बालिका अपने आदर्श को भूलने लगी। पंडित जी ने उसके निर्मल हृदय में अपने कुत्सित महामंत्र का बीजारोपण कर दिया था। अन्य युवती छात्राओं की भाँति मुक्ता भी पंडित जी के यहाँ 'हारमोनियम' सीखने जाने लगी।

पंडितजी मुक्ता के रूप लावण्य को किराए पर उठाने के लिए कोई मनचला पैसे वाला ढूँढ़ने लगे। अंत में मणिधर को आपने अपना पात्र चुन लिया। नई-नई कलियों की खोज में भटकने वाला मिलिंद इस अपूर्व कली का मदपान करने के लिए आकुलित हो उठा। इस अवसर पर पंडितजी की मुट्ठी गर्म हो गई। दूसरे ही दिवस मणिधर को पंडित जी के यहाँ जाना था। वह संध्या अत्यंत ही रमणीक थी। मणि ने उसे बड़ी प्रतीक्षा करने के पश्चात पाया था। आज वह अत्यंत प्रसन्न था। आज उसे पंडितजी के यहाँ जाना था। ...वह लंबे-लंबे पग रखता हुआ चला जा रहा था पंडितजी के पापालय की ओर। आज उसे रुपयों की वेदी पर वासना-देवी को प्रसन्न करने के लिए बलि चढ़ानी थी।

मुक्ता पंडितजी के यहाँ बैठी हारमोनियम पर उँगलियाँ नचा रही थी, और पंडितजी उसे पुलकित नेत्रों से निहार रहे थे। वह बाजा बजाने में व्यस्त थी। साहसा मणिधर के आ जाने से हारमोनियम बंद हो गया। लजीली मुक्ता कुर्सी छोड़कर एक ओर खड़ी हो गई। पंडितजी ने कितना ही समझाया, ''बेटी! इनसे लज्जा न कर, यह तो अपने ही हैं। जा, बजा, बाजा बजा। अभ्यागत सज्जन के स्वागत में एक गीत गा।'' परंतु मुक्ता को अभी लज्जा ने न छोड़ा था। वह अपने स्थान पर अविचल खड़ी थी, उसके सुकोमल मनोहारी गाल लज्जावश 'अंगूरी' की भाँति लाल हो रहे थे, अलकें आ-आकर उसका एक मधुर चुंबन लेने की चेष्टा कर रही थीं। मणिधर उस पर मर मिटा था। वह उस समय बाह्य संसार में नहीं रह गया था। यह सब देख पंडितजी खिसक गए। अब उस प्रकोष्ठ में केवल दो ही थे।

मणिधर ने मुक्ता का हाथ पकड़कर कहा, ''आइए, खड़ी क्यों हैं। मेरे समीप बैठ जाइए।'' मणिधर धृष्ट होता चला जा रहा था। मुक्ता झिझक रही थी, परंतु फिर भी मौन थी। मणिधर ने कहा - ''क्या पंडितजी ने इस प्रकार आतिथ्य सत्कार करना सिखलाया है कि घर पर कोई पाहुन आवे और घरवाला चुपचाप खड़ा रहे... शुभे, मेरे समीप बैठ जाइए।'' प्रेम की विद्युत कला दोनों के शरीर में प्रवेश कर चुकी थी। मुक्ता इस बार कुछ न बोली। वह मंत्र-मुग्ध-सी मणि के पीछे-पीछे चली आई तथा उससे कुछ हटकर पलंग पर बैठ गई। ''आपका शुभ नाम?'' मणि ने जरा मुक्ता के निकट आते हुए कहा। ''मुक्ता।'' लजीली मुक्ता ने धीमे स्वर में कहा।

बातों का प्रवाह बढ़ा, धीरे-धीरे समस्त हिचक जाती रही। और... और !! थोड़ी देर के पश्चात मुक्ता नीरस हो गई, उसकी आब उतर गई थी।

''हिजाबे नौं उरुमा रहबरे शौहर नबी मानद, अगर मानद शबे-मानद शबे दीगर नबीं मानद।''

**सब लोग मणिधर के ओजस्वी मुखमंडल को निहार रहे थे। मणिधर अब मुक्ता को संबोधित कर कहने लगा, ''मैंने भी पाप किया है। समाज द्वारा दंडित होने का वास्तविक अधिकारी मैं हूँ। मैं भी समाज एवं लक्ष्मी का परित्याग कर तुम्हारे साथ चलूँगा। तुम्हें सर्वदा अपनी धर्मपत्नी मानता हुआ अपने इस घोर पाप का प्रायश्चित करूँगा। भद्रे, चलो अब इस अन्यायी एवं नीच समाज में एक क्षण भी रहना मुझे पसंद नहीं... चलो।'' मणिधर मुक्ता का कर पकड़कर एक ओर चल दिया, और जनता जादूगर के अचरज भरे तमाशे की नाई इस श्य को देखती रह गई।**

हिचक खुल गई थी। मणि और मुक्ता का प्रेम क्रमशः बढ़ने लगा था। मणि मिलिंद था, पुष्प पर उसका प्रेम तभी ही ठहर सकता है, जब तक उसमें मद है, परंतु मुक्ता का प्रेम निर्मल और निष्कलंक था। वह पाप की सरिता को पवित्र प्रेम की गंगा समझकर बेरोक-टोक बहती ही चली जा रही थी। अचानक ठोकर लगी। उसके नेत्र खुल गए। एक दिन उसने तथा समस्त संसार ने देखा कि वह गर्भ से थी।

समाज में हलचल मच गई। शंकरलाल जी की नाक तो कट ही गई। वह किसी को मुँह दिखाने के योग्य न रह गए थे- ऐसा ही लोगों का विचार था। अस्तु। जाति-बिरादरी जुटी, पंच-सरपंच आए। पंचायत का कार्य आरंभ हुआ। मुक्ता के बयान लिए गए। उसने आँसुओं के बीच सिसकियों के साथ-साथ समाज के सामने संपूर्ण घटना आद्योपांत सुना डाली - पंडितजी का उसके भोले-भाले स्वच्छ हृदय में काम-वासना का बीजारोपण करना, तत्पश्चात उसका मणिधर से परिचय कराना आदि समस्त घटना उसने सुना डाली। पंडितजी ने गिड़गिड़ाते अपनी सफाई पेश की तथा मुक्ता से अपनी वृद्धावस्था पर तरस खाने की प्रार्थना की। परंतु मणिधर शांत भाव से बैठा रहा।

पंचों ने सलाह दी। बूढ़ों ने हाँ में हाँ मिला दिया। सरपंच महोदय ने अपना निर्णय सुना डाला। सारा दोष मुक्ता के माथे मढ़ा गया। वह जातिच्युत कर दी गई। रायबहादुर के पिता की भी वही राय थी, जो पंचों की थी। मणिधर और पंडितजी को सच्चरित्रता का सर्टिफिकेट दे निर्दोषी करार दे दिया गया। केवल 'अबला' मुक्ता ही दुख की धधकती हुई अग्नि में झुलसने के लिए छोड़ दी गई। अंत में अत्यंत कातर भाव से निस्सहाय मुक्ता ने सरपंच की दोहाई दी- उसके चरणों में गिर पड़ी। सरपंच घबराए। हाय, भ्रष्टा ने उन्हें स्पर्श कर लिया था। क्रोधित हो उन्होंने उस गर्भिणी, निस्सहाय, आश्रय-हीना युवती को धक्के मार कर निकाल देने की अनुमति दे दी। उनकी आज्ञा का पालन करने के लिए हिंदू समाज को वास्तव में पतन के खड्ड में गिराने वाले, नरराक्षस, खुशामदी टट्टू 'पीर बवर्ची, भिस्ती, खर' की कहावत को चरितार्थ करने वाले इस कलंक के सच्चे अपराधी पंडितजी तत्क्षण उठे, उसे धक्का मारकर निकालने ही वाले थे - अचानक आवाज आई - ठहरो। अन्याय की सीमा भी परिमित होती है। तुम लोगों ने उसका भी उल्लंघन कर डाला है।'' लोगों ने नेत्र घुमाकर देखा, तो मणिधर उत्तेजित हो निश्चल भाव से खड़ा कह रहा था, ''हिंदू समाज अंधा है, अत्याचारी है एवं उसके सर्वेसर्वा अर्थात हमारे 'माननीय' पंचगण अनपढ़ हैं, गँवार हैं, और मूर्ख हैं। जिन्हें खरे एवं खोटे, सत्य और असत्य की परख नहीं वह क्या तो न्याय कर सकते हैं और क्या जाति-उपकार? इसका वास्तविक अपराधी तो मैं हूँ। इसका दंड तो मुझे भोगना चाहिए। इस सुशील बाला का सतीत्व तो मैंने नष्ट किया है और मुझसे भी अधिक नीच है यह बगुला भगत बना हुआ नीच पंडित। इस दुराचारी ने अपने स्वार्थ के लिए न मालूम कितनी बालाओं का जीवन नष्ट कराया है - उन्हें पथभ्रष्ट कर दिया है। जिस आदरणीय दृष्टि से इस नीच को समाज में देखा जाता है वास्तव में यह नीच उसके योग्य नहीं, वरन यह नर पशु है, लोलुपी है, लंपट है। सिंह की खाल ओढ़े हुए तुच्छ गीदड़ है - रँगा सियार है।''

सब लोग मणिधर के ओजस्वी मुखमंडल को निहार रहे थे। मणिधर अब मुक्ता को संबोधित कर कहने लगा, ''मैंने भी पाप किया है। समाज द्वारा दंडित होने का वास्तविक अधिकारी मैं हूँ। मैं भी समाज एवं लक्ष्मी का परित्याग कर तुम्हारे साथ चलूँगा। तुम्हें सर्वदा अपनी धर्मपत्नी मानता हुआ अपने इस घोर पाप का प्रायश्चित करूँगा। भद्रे, चलो अब इस अन्यायी एवं नीच समाज में एक क्षण भी रहना मुझे पसंद नहीं... चलो।'' मणिधर मुक्ता का कर पकड़कर एक ओर चल दिया, और जनता जादूगर के अचरज भरे तमाशे की नाई इस दृश्य को देखती रह गई।

- 'हिन्दीसमय' से आभार

## संजय उवाच



संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# देह से हूँ

समय के प्रवाह के साथ एक प्रश्न मनुष्य के लिए यक्षप्रश्न बन चुका है। यह प्रश्न पूछता है कि जीवन कैसे जिएँ? इस प्रश्न का अपना-अपना उत्तर पाने का प्रयास हरेक ने किया। जीवन सापेक्ष है, अत: किसी भी उत्तर को पूरी तरह खारिज़ नहीं किया जा सकता। तथापि एक सत्य यह भी है कि अधिकांश उत्तर भौतिकता तजने या उससे बचने का आह्वान करते दीख पड़ते हैं।

मंथन और विवेचन यहीं से आरंभ होते हैं। स्मार्टफोन या कम्प्युटर के प्रोसेसर में बहुत सारे इनबिल्ट प्रोग्राम्स होते हैं। यह इनबिल्ट उस सिस्टम का प्राण है। विकृति, प्रकृति और संस्कृति मनुष्य में इसी तरह इनबिल्ट होती हैं। जीवन इनबिल्ट से दूर भागने के लिए नहीं, इनबिल्ट का उपयोग कर सार्थक जीने के लिए है।

मनुष्य पंचेंद्रियों का दास है। इस कथन का दूसरा आयाम है कि मनुष्य पंचेंद्रियों का स्वामी है। मनुष्य पंचतत्व से उपजा है, मनुष्य पंचेंद्रियों के माध्यम से जीवनरस ग्रहण करता है। भ्रमर और रसपान की शृंखला टूटेगी तो जगत का चक्र परिवर्तित हो जाएगा, संभव है कि खंडित हो जाए। कर्म से, श्रम से पलायन किसी प्रश्न का उत्तर नहीं होता। गृहस्थ आश्रम भी उत्तर पाने का एक तपोपथ है। साधु (संन्यासी के अर्थ में) होना अपवाद है, असाधु रहना परंपरा। सब साधु होने लगे तो असाधु होना अपवाद हो जाएगा। तब अपवाद पूजा जाने लगेगा, जीवन उसके इर्द-गिर्द अपना स्थान बनाने लगेगा।

एक कथा सुनाता हूँ। नगरवासियों ने तय किया कि सभी वेश्याओं को नगर से निकाल बाहर किया जाए। निर्णय पर अमल हुआ। वरांगनाओं को जंगल में स्थित एक खंडहर में छोड़ दिया गया। कुछ वर्ष बाद नगर खंडहर हो गया जबकि खंडहर के इर्द-गिर्द नया नगर बस गया।

समाज किसी वर्गविशेष से नहीं बनता। हर वर्ग घटक है समाज का। हर वर्ग अनिवार्य है समाज के लिए। हर वर्ग के बीच संतुलन भी अनिवार्य है समाज के विकास के लिए। इसी भाँति संसार में देह धारण की है तो हर तरह की भौतिकता, काम, क्रोध, लोभ, मोह, सब अंतर्भूत हैं। परिवार और अपने भविष्य के लिए भौतिक साधन जुटाना कर्म है और अनिवार्य कर्तव्य भी।

जुटाने के साथ देने की वृत्ति भी विकसित हो जाए तो भौतिकता भी परमार्थ का कारण और कारक बन सकती है। मनुष्य अपने 'स्व' के दायरे में मनुष्यता को ले आए तो स्वार्थ विस्तार पाकर परमार्थ हो जाता है।

इस तरह का कर्मनिष्ठ परमार्थ, जीवनरस को ग्रहण करता है। जगत के चक्र को हृष्ट-पुष्ट करता है। सृष्टि से सृष्टि को ग्रहण करता है, सृष्टि को सृष्टि ही लौटाता है। सांसारिक प्रपंचों का पारमार्थिक कर्तव्यनिर्वहन उसे प्रश्न के सबसे सटीक उत्तर के निकट ले आता है।

प्रपंच में परमार्थ, असार में सार, संसार में भवसार देख पाना उत्कर्ष है। देह इसका साधन है किंतु देह साध्य नहीं है। गर्भवती के लिए कहा जाता है कि वह उम्मीद से है। मनुष्य को अपने आप से निरंतर कहना चाहिए, 'देह से हूँ पर देह मात्र नहीं हूँ। ' विदेह तो कोई बिरला ही हो सकेगा पर स्वयं को देह मात्र मानने को नकार देना, अस्तित्व के बोध का शंखनाद है। इस शंखनाद के कर्ता, कर्म और क्रिया तुम स्वयं हो।

## बोध कथा

# नौकरी

शेखचिल्ली की एक अमीर आदमी के यहां नौकरी लग गई। उस सेठ ने उसे अपने ऊंट चराने का काम सौंपा। शेखचिल्ली हर रोज ऊंटों को चराने के लिए जंगल ले जाता और शाम को उन्हें चरा कर वापस घर ले आता। एक दिन जब शेखचिल्ली ऊंटों को चराने के लिए जंगल गया, तो वो उन्हें चरता छोड़ खुद पेड़ के नीचे सो गया। इस बीच कोई ऊंटों को रस्सी पकड़ कर ले गया। जब शेखचिल्ली जागा और ऊंटों को वहां से गायब पाया, तो वो घबरा गया। शेखचिल्ली ने वहीं प्रतिज्ञा ली कि वह सेठ के घर अब तब जाएगा, जब वो सारे ऊंटों को ढूंढ कर वापस ले आएगा। ऊंटों की तलाश में शेखचिल्ली जंगल में इधर-उधर घूमने लगा। उसे ऊंटों के नाम तक याद नहीं थे। इतने में उसे सेठ के गांव के कुछ लोग सामने से आते हुए दिखाई दिए। शेखचिल्ली ने उन्हें ऊंटों की लीद दिखाते हुए कहा कि जिनके हम नौकर हैं, उनसे कह देना कि जिनकी यह लीद है वे जाते रहे।

शेखचिल्ली मूर्ख था और ये बात तो सब जानते हैं कि मुर्खों को गुस्सा बहुत जल्दी आता है। एक दिन की बात है जब शेखचिल्ली रास्ते में जा रहा था तो लड़कों ने उसे तंग करना शुरू कर दिया। एक लड़का कहता महामूर्ख तो दूसरे लड़के कहते जिंदाबाद। लड़के ये कहने के बाद घरों में छिप जाते और शेखचिल्ली अपना गुस्सा पी कर रह जाता।

एक दिन की बात है शेखचिल्ली के हाथ एक छोटा सा बच्चा चढ़ गया। फिर क्या था, गुस्साए शेखचिल्ली ने लड़के को कुएं में फेंक दिया और घर आकर अपनी बीवी को ये बात बता दी। शेखचिल्ली की बीवी ने रात को शेखचिल्ली के सोने के बाद जाकर उस छोटे लड़के को कुएं से बाहर निकाला। बाहर सर्दी बहुत थी और पानी में रहने से लड़के का बुरा हाल था। शेखचिल्ली की बीवी उस लड़के को अपने भाई के पास ले गई और सारा बात बताई। शेखचिल्ली के साले ने अपनी बहन से कहा कि आपकी बात तो ठीक है, लेकिन जब इस बच्चे के मां-बाप इसे ढूंढते हुए आएंगे तो फिर क्या करेंगे? शेखचिल्ली की बीवी ने कहा कि देखो भाई अगर हम इस बच्चे को ऐसी हालत में इसके मां-बाप को सौंपेंगे तो बिना मतलब का हंगामा होगा और बात और बढ़ जाएगी। इसलिए बच्चे को थोड़ा आराम मिलने तक इसे तुम अपने पास रखो। अगर इसके मां-बाप इसे ढूंढते हुए आएंगे तो उनको मैं समझा लूंगी।

इसके बाद शेखचिल्ली की बीवी अपने घर वापस आ गई और एक बकरी के बच्चे को कुएं में फेंक आई, जिस कुएं में शेखचिल्ली ने उस छोटे बच्चे को फेंका था। अगले दिन सुबह के समय जब उस छोटे लड़के के माता-पिता उसकी खोज में शेखचिल्ली के घर की तरफ आए तो उस वक्त शेखचिल्ली अपने घर की गली में टहल रहा था। छोटे बच्चे के पिता ने शेखचिल्ली से पूछा कि क्या उसने उनके बेटे को देखा है?

छोटे बच्चे के माता-पिता भागते हुए उस कुएं के पास पहुंचे और गांव के एक आदमी को जल्दी से कुएं में उतारा। उस आदमी ने कुएं के अंदर से आवाज दी कि जनाब यहां कोई लड़का-वड़का तो है नहीं, हां एक बकरी का बच्चा जरूर है। यह कहकर उसने बकरी के बच्चे को रस्सी से बांधकर ऊपर भेजा। बच्चा वहां न मिलने पर उसके माता-पिता बहुत परेशान हो गए और शहर के दूसरे हिस्सों में उसकी तलाश करने लगे। इस बीच बच्चा जब थोड़ा ठीक हुआ तो शेखचिल्ली के साले ने उसे उसके घर छोड़ दिया। यह सब होने के कई हफ्तों तक बेचारा शेखचिल्ली इस बात को लेकर परेशान रहा कि उसने फेंका तो कुएं में इंसानी बच्चे को ही था, फिर वो बकरी का बच्चा कैसे बन गया।

इस बात को हुए काफी अरसा बीत गया और शेखचिल्ली को एक और अमीर आदमी के यहां नौकरी मिल गई। शेखचिल्ली वहां देखभाल का काम किया करता था। एक दिन जब वो और उसका मालिक गाड़ी पर सवार होकर बाजार जा रहे थे तो शेखचिल्ली मालिक के साथ गाड़ी में पीछे बैठा हुआ था। गाड़ी चलते वक्त तेज हवा से शेखचिल्ली के मालिक का रेशमी रुमाल हवा में गिर गया। मालिक को रुमाल गिरते वक्त उसका पता नहीं चला, लेकिन शेखचिल्ली ने यह देख लिया।

## वीर गाथा

# मेजर भूपेंद्र सिंहः खुद की जान बचाने के लिए नहीं किया कोई समझौता

मेजर भूपेंद्र सिंह का जन्म 25 अक्टूबर, 1952 को राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के मोहनपुरा में हुआ था। एक तो राजस्थान की धरती, वहीं सरहदी इलाका होने के कारण भूपेंद्र ने सैन्य जीवन को करीब से देखा था। इससे उन्हें सेना में भर्ती होने की प्रेरणा मिली।

अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने सेना भर्ती का इम्तिहान दिया और उसमें कामयाब हो गए।

उन्हें प्रशिक्षण के लिए आईएमए, देहरादून भेजा गया। वहां उनका प्रदर्शन शानदार रहा। उन्हें प्रतिष्ठित सॉर्ड ऑफ ऑनर भी मिला। इसके बाद उन्हें इंजीनियर्स कोर में शामिल कर लिया गया।

भूपेंद्र सिंह ने अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब समेत कई इलाकों में सेवाएं दीं। उन्हें साल 1994 में जम्मू-कश्मीर में तैनात किया गया, जहां सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम किया जा रहा था। इसके तहत कुछ पुलों का निर्माण भी होना था, जिसके लिए मेजर भूपेंद्र निरीक्षण करने गए थे।

इसी दौरान अक्कर गांव में आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया। इसके जवाब में जवानों ने भी गोलीबारी की। भूपेंद्र ने साथी जवानों का बहुत बहादुरी से नेतृत्व किया। उनकी जवाबी कार्रवाई से भयभीत होकर आतंकवादी भाग गए।

उसी साल 17 जनवरी को हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकवादियों ने मेजर भूपेंद्र का अपहरण कर लिया। उन्होंने रिहाई के बदले कुछ मांगें कीं, जिन्हें भूपेंद्र ने खारिज कर दिया, क्योंकि उससे देश की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो सकता था। उन्होंने भूपेंद्र को बहुत डिगाने की कोशिश की, लेकिन वे अपने संकल्प पर अडिग रहे। इससे बौखलाए आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी।

मेजर भूपेंद्र जानते थे कि अगर उन्होंने आतंकवादियों की मांगें नहीं मानीं, तो ज़िंदगी संकट में पड़ सकती है, लेकिन भारत माता के वीर सपूत ने कोई समझौता नहीं किया। उनकी वीरता, प्रतिबद्धता और बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। मेजर भूपेंद्र सिंह को 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। - दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कृष्ण लीला के प्रति मेरे समर्पण का सम्मान है पद्मश्री पुरस्कार : स्वैन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भुवनेश्वर/बरहमपुर। इस साल पद्म श्री पुरस्कार के लिए चुने गए सबसे उम्रदराज व्यक्ति 105 वर्षीय गोपीनाथ स्वैन ने कहा है कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 'कृष्ण लीला' के प्रति उनके करीब नौ दशक के समर्पण का सम्मान है। स्वैन को जब उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें पद्म श्री पुरस्कार के लिए चुना गया है, उस समय वह 'कृष्ण लीला' गा रहे थे। इस वर्ष ओडिशा के चार व्यक्तियों को पद्म श्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। ओडिशा के स्वैन के अलावा भागवत प्रधान, बिनोद महराना और बिनोद कुमार पसायत का नाम पुरस्कार पाने वालों की सूची में है। 'कृष्ण लीला' स्थानीय संगीत और गायन के माध्यम से भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करने की कला है।अपने इलाके में 'गुरु' के नाम से जाने जाने वाले स्वैन ने कहा कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने जाने से वह अभिभूत हैं। स्वैन ने कहा, यह कृष्ण लीला के अभ्यास के प्रति मेरे करीब नौ दशक के समर्पण का सम्मान है। उम्र मुझे ज्ञान हासिल करने से नहीं रोक सकेगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक सीखना जारी रखूंगा। जिला परिषद सदस्य निबेदिता प्रधान ने कहा, हम बहुत खुश हैं और हमें उन पर गर्व भी है कि उन्हें इस उम्र में इतना प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलेगा। वर्ष 1918 में जन्मे स्वैन ने 10 साल की उम्र में अपने पिता के बड़े भाई से कृष्ण लीला सीखना शुरू किया। वह शुरुआत में शास्त्रीय गीत गाते थे और कृष्ण की भूमिका निभाते थे। बाद में वह इस लोक कला के मुख्य गायक-सह-निर्देशक बन गए।

उन्होंने अपने गांव में एक अखाड़ा (पारंपरिक नृत्य विद्यालय) की स्थापना की थी और कई ग्रामीण युवाओं को गीत एवं नृत्य का प्रशिक्षण देना शुरू किया। संबलपुर शहर के गीतकार और नाटककार बिनोद कुमार पसायत ने उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया। पसायत ने कहा, जब मैंने यह खबर सुनी तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। मेरी बहू ने बाद में इस खबर की पुष्टि की। मोदी की सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद। पसायत ने कहा कि उनका छोटा सैलून उनकी प्रयोगशाला है जहां उन्होंने शब्दों के साथ प्रयोग किया और साहित्यिक रचनाएं कीं।

भारत रंग महोत्सव



नई दिल्ली में शनिवार को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी और अन्य लोग 'भारत रंग महोत्सव 2024 के 25वें वर्ष' पर एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान।

# डीपफेक का शिकार हुईं टेलर स्विफ्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

न्यूयॉर्क। मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट डीपफेक का शिकार हुईं हैं , उनकी कई आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर सार्जनिक हुई हैं। इस मामले ने कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते दुरुपयोग के बारे में चिंता बढ़ा दी है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस सप्ताह गायिका स्विफ्ट की आपत्तिजनक फर्जी तस्वीरें सामने आईं। एआई का इस्तेमाल करते हुए किसी तस्वीर पर या वीडियो पर किसी अन्य व्यक्ति की तस्वीर लगाकर उसे इस तरह पेश करना कि वह असली लगे डीपफेक कहलाता है। इन तस्वीरों के सार्वजनिक होने के बाद स्विफ्ट के प्रशंसक एकजुट हुये और उन्होंने गायिका के समर्थन में 'एक्स' पर अभियान चलाया। कुछ ने कहा कि उन्होंने उन सोशल मीडिया खातों की शिकायत की है जो आपत्तिजनक तस्वीरें साझा कर रहे हैं।

डीपफेक का पता लगाने वाले समूह 'रिएलिटी डिफेंडर' ने कहा कि उसे स्विफ्ट को चित्रित करने वाली कुछ अश्लील सामग्री विशेष रूप से 'एक्स' पर मिली हैं। कुछ तस्वीरें फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर भी पाई गई हैं। 'रिएलिटी डिफेंडर' के विकास प्रमुख मैसन एलन ने कहा,कुछ तस्वीरें हटाई गई लेकिन उस वक्त तक ये लाखों उपयोगकर्ताओं तक पहुंच गईं थीं। स्विफ्ट की फर्जी तस्वीरों के बारे में पूछने के लिए जब 'एक्स' से संपर्क किया गया तो उसने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा कि कंपनी अपने प्लेटफॉर्म पर बिना सहमति के आपत्तिजनक तस्वीरों को साझा करने से सख्ती से रोकती है।

'एक्स' ने कहा, हमारी टीम सभी तस्वीरों को हटाने का काम कर रही है साथ ही उन खातों पर कार्रवाई कर रही है जिनसे से तस्वीरें पोस्ट की गई थीं। इस बीच मेटा ने एक बयान में कहा कि वह विभिन्न इंटरनेट सेवाओं पर दिखाई देने वाली सामग्री की कड़ी निंदा करता है और इसे हटाने के लिए काम किया गया है। स्विफ्ट से इस संबंध में बातचीत की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# कुछ लोग अपने ही गठबंधन में न्याय नहीं कर पा रहे : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लखनऊ। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया'पर तंज कसते हुए शनिवार को कहा कि कुछ लोग अपने ही गठबंधन में न्याय नहीं कर पा रहे हैं। लखनऊ में 19वें एशियाई एवं चौथे पैरा तथा राष्ट्रीय खेलों के पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लेने आए अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा, कुछ लोग अपने गठबंधन में भी न्याय नहीं कर पाये और इसके कारण एक के बाद एक राज्यों में क्या हो रहा है, आप देख सकते हैं। ठाकुर की यह टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं द्वारा आपस में और सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श करने के एक दिन बाद आई है, जिसमें संकेत मिले हैं कि पार्टी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ एक बार फिर हाथ मिलाने को तैयार है, क्योंकि 'इंडिया' गठबंधन के साझेदारों के साथ उनके संबंध कमजोर हो रहे हैं।

युवा मामले और खेल विभाग भी संभाल रहे ठाकुर ने यह भी कहा, 500 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ। भव्य राम मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस तरह पूरे देश में मौहाल रहा उससे तो ये (भक्तों की) लंबी कतारें लगी ही थीं, क्योंकि इंतजार 500 साल का था। श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए ठाकुर ने अपील की, देशवासियों से मेरा अनुरोध है कि वे अपना कार्यक्रम उप्र सरकार और राम मंदिर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बनाएं।

भाजपा ने शुक्रवार को भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दावा किया था कि ममता बनर्जी सरकार ने सबसे पुरानी पार्टी को अपमानित करने के लिए पश्चिम बंगाल में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को अनुमति देने से इनकार करने का फैसला किया है। यह भी बताया गया कि कांग्रेस को यात्रा के तहत राज्य में कुछ जनसभा की अनुमति लेने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के सह-प्रभारी और आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, राहुल गांधी की यात्रा को अनुमति नहीं देने का ममता बनर्जी का फैसला 'इंडिया' गठबंधन के ताबूत में आखिरी कील की तरह है।



# हुब्बल्ली मंडल का प्रदर्शन यात्री परिवहन और माल ढुलाई के लिए रहा उत्साहजनक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के हुब्बली मंडल ने 26 जनवरी को रेलवे इंस्टीट्यूट साउथ ग्राउंड में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक हर्ष खरे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। हर्ष खरे ने अपने संबोधन में कहा कि जारी वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों के दौरान हुब्बल्ली मंडल का प्रदर्शन यात्री और माल ढुलाई, दोनों के लिए उत्साहजनक रहा है। वित्त वर्ष में दिसंबर 2023 के आखिर तक यात्रियों की संख्या 2.15 करोड़ रही, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 1.95 करोड़ थी, जिसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

दिसंबर 2023 तक मूल यात्री आय 400 करोड़ रुपए रही है। वित्तीय वर्ष में दिसंबर 2023 तक पहले नौ महीनों में हासिल की गई कुल सकल कमाई 3,200 करोड़ रुपए है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। आरपीएफ ने 76 लावारिस बच्चों को बचाया और उन्हें उनके माता-पिता से मिलाने के लिए चाइल्ड हेल्प डेस्क/एनजीओ को सौंपा। उन्होंने कहा कि आरपीएफ ने यात्रियों के बैग, मोबाइल फोन, लैपटॉप, नकदी और सोने के आभूषण समेत 48 लाख रुपए का छूटा हुआ सामान बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिया गया। भारत सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंडल बहुत बड़े पैमाने पर स्टेशन विकास कार्य कर रहा है।

इस योजना के तहत हुब्बली मंडल के 18 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। हुब्बली मंडल के विभिन्न खंडों पर बुनियादी ढांचे और लाइन क्षमता में सुधार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जारी वित्तीय वर्ष के दौरान 43.6 किलोमीटर का दोहरीकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है। कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान 249.56 आरकेएम विद्युतीकरण पूरा किया गया है।

इस अवसर पर डॉग स्क्वायड शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रेलवे कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति और ड्राइंग व निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। रेलवे के 25 कर्मचारियों को उनके अनुकरणीय कार्य के लिए डीआरएम सुरक्षा पुरस्कार दिए गए। समारोह में अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक संतोष कुमार वर्मा एवं संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के आसिफ हफीज, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/आरपीएफ आलोक कुमार, दपरे महिला कल्याण संगठन मंडल की अध्यक्ष रुचि खरे, अन्य अधिकारी, यूनियन सदस्य एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# इजराइल मामले में आईसीजे के फैसले ने हमें सही साबित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने गाजा में इजराइल के सैन्य आक्रमण के दौरान नरसंहार किए जाने के आरोप लगाने के उनके देश के फैसले को सही साबित किया है। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा में युद्धविराम का तत्काल आदेश देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, लेकिन इजराइल से जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए प्रयास करने को कहा।

मामला दाखिल करने वाले दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से इजराइल को अपना सैन्य अभियान रोकने का आदेश देने का आग्रह किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उस मामले को खारिज नहीं करेगी जिसमें इजराइल पर गाजा में नरसंहार का आरोप लगाया गया है। इसके बाद रामफोसा ने शुक्रवार को राष्ट्रीय टीवी चैनल पर कहा कि आईसीजे ने शुक्रवार को जो फैसला सुनाया, वह अंतरराष्ट्रीय कानून, मानवाधिकार और सबसे बड़ी बात, न्याय की जीत है।

उन्होंने कहा, अदालत ने कहा है कि (1948 नरसंहार) संधि के अनुच्छेद नौ के अनुसार, उसे हमारी याचिका पर फैसला करने का अधिकार है।

# साउथ इंडस्ट्री में काम करने को लेकर काफी नर्वस हूं : बॉबी देओल

मुंबई/एजेन्सी



एक्टर बॉबी देओल, जिन्होंने 'एनिमल' में अबरार के रूप में सुर्खियां बटोरीं, साउथ इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसके लिए वह खुश भी हैं और नर्वस भी। बॉबी तमिल भाषा की फिल्म 'कांगुवा' और कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' और कई अन्य फिल्मों में नजर आएंगे। क्या वह अपना दायरा बढ़ाने की कोशिश कर रहे है? इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने आईएएनएस से कहा, 'देखिए, मैं बस खुद को चुनौती देना चाहता हूं। मैं साउथ की भाषा नहीं जानता, इसलिए फिल्म का हिस्सा बनने से मैं बहुत नर्वस हूं... मैं सचमुच बहुत खुश हूं कि मैं 'कांगुवा' कर रहा हूं। निर्देशक शिवा एक अद्भुत व्यक्ति हैं। मुझे उनके साथ काम करने में बहुत मजा आ रहा है।'

अभिनेता ने कहा, मैं कृष के साथ एक तेलुगु फिल्म में काम कर रहा हूं, वह एक शानदार निर्देशक भी हैं,, वह 'हरि हर वीरा मल्लू' में पवन कल्याण के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे। 'कांगुवा' के को-स्टार सूर्या के बारे में बात करते हुए बॉबी ने एक्टर की प्रशंसा की। बॉबी ने कहा, सूर्या एक अद्भुत अभिनेता और वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं... ऐसे लोगों के साथ काम करना वाकई अच्छा लगता है।

# फिल्म 'कंगुवा' से बॉबी देओल का लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता। बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म कंगुवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। बॉबी देओल फिल्म 'कंगुवा' में अभिनेता सूर्या के साथ नजर आयेंगे।बॉबी देओल के जन्मदिन के अवसर पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म कंगुवा से बॉबी का पहला लुक जारी किया है। यूवी क्रिएशंस ने बॉबी का पहला लुक शेयर करते हुए लिखा, निर्दयी. ताकतवर, अविस्मरणीय। हैप्पी बर्थडे सर। फिल्म कंगुवा में बॉबी देओल उदरिन की भूमिका में दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर लोग उनके इस खतरनाक लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।



# रामायण में विभीषण के किरदार में नजर आ सकते हैं विजय सेतुपति

मुंबई/एजेन्सी



बीते साल निर्देशक नितेश तिवारी ने 'रामायण' फिल्म बनाने की घोषणा की थी। इसी के साथ ये भी बताया था कि रणबीर कपूर 'राम' का रोल अदा करेंगे। अब खबर आ रही है कि रणबीर कपूर की 'रामायण' में साउथ के सुपरस्टार विजय सेतुपति भी नजर आ सकते हैं। विजय सेतुपति को विभीषण का किरदार निभाने के लिए एप्रोच किया गया है। हालांकि, इस पर नितेश या उनकी टीम की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। विजय बनेंगे 'विभीषण'

रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर कपूर 'राम', साई पल्लवी 'सीता', यश 'रावण' और निर्देशक नितेश ने विभीषण के रोल के लिए विजय सेतुपति को अप्रोच किया है। अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक चलता है तो जल्द ही निर्देशक अपनी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। विभीषण यानी रावण का भाई, यश और विजय साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आ सकते हैं। सूत्र के हवाले से पता लगा है कि नितेश कुछ दिनों पहले ही विजय से इस रोल के सिलसिले में मिले थे। अपने साथ वो स्क्रिप्ट भी लेकर गए थे। विजय को जब नितेश ने पूरी कहानी नैरेट की तो उन्हें वो काफी पसंद भी आई। दोनों के बीच अभी बातचीत चल रही है, क्योंकि फीस को लेकर बात अटक गई है।

रिपोर्ट्स की मानें तो नितेश तिवारी की 'रामायण' काफी बड़े पैमाने पर बनने वाली है। सनी देओल का नाम फिल्म में 'हनुमान' के किरदार के लिए सामने आ रहा है। वहीं, लारा दत्ता को 'कैकेई' के रोल के लिए अप्रोच किया गया है। बॉबी देओल के पास भी नितेश गए थे, 'कुंभकरण' का रोल लेकर, लेकिन एक्टर ने इस रोल को करने से इनकार कर दिया। 'रामायण' को नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा मिलकर प्रोड्यूस करने वाले हैं। मेकर्स प्लान कर रहे हैं कि ये फिल्म आने वाले साल 2025 दिवाली पर रिलीज की जाए। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो चुका है और अगर रिपोर्ट्स की मानें तो कास्ट फाइनलाइज होने ही वाली है। हालांकि, पूरी स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स की ओर से अब तक कोई घोषणा नहीं हुई है।




# फिल्म 'शैतान' का टीजर रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म शैतान का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म शैतान ने अजय देवगन के आर माधवन और ज्योतिका की अहम भूमिका है। शैतान के टीजर की शुरुआत होती है एक राक्षस की मूर्ति के साथ, जिसमें पीछे वॉइस ओवर चलता है, जिसमें शैतान कहता है, 'कहते हैं ये पूरी दुनिया बहरी है, लेकिन सुनती सिर्फ मेरी है।

काले से भी काला मैं, बहकाने का प्याला मैं, तंत्र से लेकर श्लोक का..मालिक हूं मैं नौ लोक का। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर फिल्म शैतान टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, वो पूछेगा तुमसे...एक खेल खेलोगे? पर उसके बहकावे में मत आना। जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, शैतान का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा किया गया है।विकास बहल निर्देशित फिल्म शैतान 08 मार्च को रिलीज होगी।

# कंगना रनौत ने फिल्म इमरजेंसी में शिमला समझौता को किया रिक्रेयेट

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी में दिवंगत भारतीय प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के शिमला समझौते को रिक्रिएट किया है। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभायी है।भारत की प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो द्वारा 02 जुलाई 1972 को शिमला, भारत में हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते से 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का औपचारिक अंत हो गया। इसका उद्देश्य शांति स्थापित करना, भारत को सेना वापस बुलाने की आवश्यकता, कश्मीर मुद्दे का समाधान करना और बेहतर संबंधों को बढ़ावा देना था।

कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, 'इमरजेंसी' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ज़ी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिया गया है। 'इमरजेंसी' 14 जून, 2024 को स्क्रीन पर आने वाली है।

# हिना खान ने शेयर की नो-फिल्टर सेल्फी

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस हिना खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नो-फिल्टर सेल्फी शेयर की, जिसमें उनकी आंखों के नीचे रेड रैशेज और होठों पर छाले दिखाई दे रहे हैं। हिना 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'नागिन 5', 'कसौटी जिंदगी की', 'डैमेज्ड 2' और 'बिग बॉस 11' सहित अन्य के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 28 दिसंबर 2023 को अस्पताल में भर्ती होने की सूचना दी थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें तेज बुखार है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के कुछ दिनों बाद हिना सऊदी अरब के मक्का की उमराह पर गईं। शनिवार को, उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नो-फ़िल्टर सेल्फी शेयर की, जिसमें उन्होंने वाइट टी शर्ट पहनी हुई है और अपने बालों को खुला रखा है। तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा,नो-फिल्टर सेल्फी... मेरी आंखों के नीचे रेड रैशेज, होठों पर छाले, जुकाम सब बुखार की वजह से। वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्हें आखिरी बार 'फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 13' में एक चैलेंजर के रूप में देखा गया था।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

8

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

बेंगलूरु | रविवार | 28-01-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.


**गणतंत्र दिवस के अवसर पर, जीतो लेडीज़ विंग बेंगलूरु साउथ द्वारा जीतो सदस्यों एवम लेडीज़ विंग सदस्यों के बच्चों के लिए ऑनलाइन ड्रॉइंग एवम पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**




# अरसीकेरे तीर्थ में पौष पूनम में उमड़े श्रद्धालु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हासन। दक्षिण नाकोडा तीर्थ श्री संकट मोचन पार्श्व भैरव धाम अरसीकेरे में पौष पूनम मेला का आयोजन किया। इस मेले में अनेक श्रद्धालु उपस्थित हुए। मेले में सादडी हाल इरोड निवासी सुकनीबाई मोहनलाल करबावाला परिवार ने सम्पूर्ण लाभ लिया। इस मौके पर ईरोड़ से संघ का आयोजन किया गया। तीर्थ परिसर में बैंड बाजे के साथ संघ का प्रवेश हुआ। सुबह भक्ताम्बर, पार्श्व एवं गुरु इक्तीसा, भैरव चालीसा से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में पार्श्व भैरव महापूजन के बाद गायक दिलखुश बाफणा के साथ तनसुख, रिंकु बाफणा, प्रकाश राठौड, प्रेमलता, कलिंगा कवाड एवं स्थानीय हेमा कोठारी के सुमधुर कंठ से भक्ति की गंगा बहाई। बेंगलूरु से राष्ट्रीय पार्श्व भैरव भक्त परिवार के तत्वावधान में आयोजित राजेश कुमार बंधामुथा परिवार द्वारा कायमी लाभार्थी बनकर रेल यात्रा संघ का आयोजन किया। भैरवजी को छप्पन भोग, 108श्रीफल, पुष्प अर्पिण एवं तेल चढ़ाने के लाभार्थियों का ट्रस्ट द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर मांगीलाल मेहता, डॉं विजय कुमार सुराना, विनोद मुणोत, रमेश कटारिया, श्रीपाल गांधी, महावीर पीपाडा सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे। ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक कुमार सुराना ने लाभार्थी परिवार का सम्मान किया।



# आरआरनगर श्रावक समाज ने चातुर्मास हेतु आचार्यश्री से निवेदन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आचार्यश्री महाश्रमणजी के दर्शनार्थ राजा राजेश्वरीनगर, सभा अध्यक्ष छत्र सेठिया अपनी टीम के साथ आचार्यश्री के दर्शन कर आगामी चातुर्मास प्रदान कराने हेतु निवेदन किया तथा लिखित रूप में निवेदनार्थ एक पत्र भी श्रीचरणों में प्रस्तुत किया। निवेदन में आर आर नगर में लगभग 300 तेरापंथी परिवार प्रवासित है। संस्थापक अध्यक्ष कमल सिंह दुगड़ ने निवेदन कर कहा कि यह क्षेत्र सबसे युवा क्षेत्र है तथा युवा वर्ग के लिए सही मार्ग दर्शक साधु-संतों का सान्निध्य ही हो सकता है। चातुर्मास न मिलने से आज के भौतिक युग में भटकाव की संभावना अधिक है अतः गुरुदेव श्रावक-श्राविका की चातुर्मासिक प्यास तो आपके आशीर्वाद से ही तृप्त हो सकती है।

वहाँ विराजित साध्वी प्रमुखाश्री, मुख्य मुनिश्री, साध्वीजी आदि के अलावा अन्य विराजित साधु-संतों के दर्शनों का लाभ एवं रास्ते की पैदल सेवा का लाभ भी लिया।

सभा तथा ट्रस्ट विलय हेतु बनाई गई डीड में समाहित नियमों की जानकारी ट्रस्ट कोषाध्यक्ष गणपतजी कोठारी ने मुनिश्री विश्रुत कुमारजी को दी। इसके पश्चात मुम्बई में विराजित मुनिश्री मोहजीत कुमारजी के दर्शन भी किये। ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज डागा, उपाध्यक्ष अनिल सुराणा, कोषाध्यक्ष राकेश छाजेड़, संगठन मंत्री राजेश, सलाहकार विमल बांठिया, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश मरोटी आदि की विशेष उपस्थिति रही।

# देश भक्ति की भावना को बच्चों ने कागज पर चित्रों के माध्यम से उकेरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। गणतंत्र दिवस के अवसर पर, जीतो लेडीज़ विंग बेंगलूरु साउथ द्वारा जीतो सदस्यों एवम लेडीज़ विंग सदस्यों के बच्चों के लिए ऑनलाइन ड्रॉइंग एवम पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 60 बच्चों ने भाग लिया। इसे तीन वर्ग में विभाजित किया गया 5 से 8वर्ष, 9 से 12वर्ष, 13 से 15वर्ष। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चो में देश भक्ति की भावना को जगाना तथा अपनी कला को निखारना था। बच्चों द्वारा जीतो कार्यालय चामराजपेट में ड्राइंग एवम पेटिंग भेजी गई। ऑनलाइन जूम के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार महामंत्र के द्वारा किया गया।

अध्यक्ष सुनीता गांधी ने उपस्थित सभी सदस्यों एवम बच्चों का स्वागत किया बच्चों के हुनर एवम कला की प्रशंसा करते हुए,भविष्य में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। जीतो अध्यक्ष दिनेश जी बोहरा ने जीतो लेडीज विंग के कार्यों की सराहना करते हुए, बच्चों का उत्साह बढ़ाया, एवम भविष्य में इसी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहने की प्रेरणा दी। महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल ने बच्चों की चित्रकारी की प्रशंसा करते हुए जीतो लेडीज विंग द्वारा ऐसे कार्यक्रमों को बड़े पैमाने पर करने के लिए कहा।

जीतो लेडीज विंग महामंत्री मोनिका पिरगल ने बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते है, उनके हाथों में देश की प्रगति है। परियोजना संयोजक संगीता पारख ने प्रतियोगिता की निर्णायक पूनम कोठारी का परिचय दिया। सह संयोजक सविता पोरवाल ने निर्णायक अर्पिता माहेश्वरी का परिचय दिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रभा गुलेच्छा ने बहुत ही खूबसूरत संचालन किया।

प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवम तृतीय स्थान पर रहे, प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 10 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। सभी प्रतिभागियों को ई सर्टिफिकेट दिया गया। बच्चों ने अपने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए, उनके द्वारा बनाई गई ड्राइंग्स के बारे में बताया। जिसमे सुभाषचंद्र बोस, चंद्रयान, तिरंगा, लालकिला, झांसी की रानी, देश के सिपाही, आजादी के रंग इत्यादि रहे। इस अवसर पर जीतो लेडीज विंग सहमंत्री नीलम ललवानी, जीतो हास्टल की संयोजिका चित्रा मेहता एवम कार्यकारिणी सदस्य साक्षी जैन, रेखा जैन, पुष्पा गुलेच्छा, निशा टुकलिया आदि उपस्थित रहे। मोनिका पिरगल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



# सालासर बालाजी मंदिर का हुआ शिलान्यास

## मंदिर निर्माण कार्य हुआ शुरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां बनेरघट्टा रोड स्थित रांका कॉलोनी में सालासर बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को मंदिर निर्माण के लिए भूखंड पर पांच दिवसीय अनुष्ठान के साथ सलारपुरिया बिल्डर्स के निर्देशक बिजय कुमार अग्रवाल के हाथों से भूमि पूजन अनुष्ठान सम्पन्न हुए।

इस मौके पर सालासार सेवा समिति के मंदिर ट्रस्ट के मनित सोमानी, संजय शाह, विक्रम अग्रवाल, प्रमोद मुरारका, सतीश मित्तल, सुरेन्द्र गोयल, रतन कन्दोई, महेश गोयल सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण व भक्तगण उपस्थित रहे। भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित भक्तों ने जय जय सियाराम के जयघोष के साथ मंदिर निर्माण का कार्य शुरु हुआ। तत्पश्चात मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के पुजारी रामलाल बोथरा टीम द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। पूरे दिन मंदिर भूखण्ड पर भक्तों ने अखण्ड ज्योत के दर्शन किये। इस शुभ अवसर पर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# ओसबोन रोड़ के चंद्रप्रभ जिनालय मंदिर में हुआ ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के ओसबोन रोड़ स्थित श्री चंद्रप्रभ जिनालय मंदिर का वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम मुनिश्री राजपद्म सागर एवं मुनिश्री श्रमणपद्म सागर के सानिध्य में संपन्न हुआ। शुक्रवार दोपहर के अभिजीत मुहूर्त में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के लाभार्थी संघवी इंदरचंद रमेशकुमार मंगलचंद बोहरा परिवार की ओर से ध्वजा चढ़ाई गयी। आयोजन के दौरान बोहरा परिवार की ओर से स्नात्र महोत्सव एवं सत्तरभेदी पूजा भी संपन्न हुई। इस दौरान आयोजित प्रवचन में पूरे वर्ष के अष्टप्रकारी पूजा के चढ़ावे भी बोले गये।

प्रवचन में मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को ध्वजारोहण के महत्व को समझाया। उन्होंने अरिहंत एवं सिद्ध परमात्मा के सफेद व लाल रंग के वर्णित अर्थ को भी बताया। साथ ही उन्होंने नित्यप्रति देव दर्शन, पूजा एवं गुरू वन्दन से मिलने वाले परिणामों को विस्तृत रूप से बताया। ध्वजारोहण के लाभार्थी बोहरा परिवार की अनुमोदना करते हुए स्वामीवात्सल्य महोत्सव के सामूहिक लाभार्थी नैनीबाई देवराज दिनेशकुमार रांका परिवार को भी आशीर्वाद प्रदान किया।



# कर्नाटक आंचलिक कार्यशाला का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां गांधीनगर तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में 'मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी विषय पर कार्यशाला का आयोजन तेरापंथ गांधीनगर भवन में 27 जनवरी को दो सत्रों में आयोजित किया गया।

तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता दगा ने 'मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी' कार्यशाला का आगाज किया। तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर की अध्यक्ष रिजु डूंगरवाल ने राष्ट्रीय टीम के सदस्यों सहित आए हुए सभी मंडलों का स्वागत किया। कार्यकारिणी सदस्य शशि कला नाहर ने प्रमुखाश्रीजी का संदेश वाचन किया। विषय संबंधित टॉक शो का आयोजन पक्ष विपक्ष में चर्चा परिचर्चा द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व महामंत्री वीणा बैद का परिचय कन्या मंडल संयोजिका हर्षिता सेठिया ने किया। बेंगलूरु महिला मंडल की सदस्यायों ने स्वागत गीत से अपने भावों की अभिव्यक्ति दी।

राष्ट्रीय महामंत्री नीतू ओसवाल का परिचय अनीता गांधी ने दिया। नीतू ओसवाल ने एक कहानी के माध्यम से कार्यशाला विषय 'मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी' को समझाया। शब्द में इतनी ताकत है कि वह तलवार का काम कर सकती है। परिवार को तोड़ भी सकती है और जोड़ भी सकती है। शब्दों का इस्तेमाल सोच समझ कर करें। महिला स्वयं अपने अंदर ऊर्जा का संपोषण करते हुए अपने परिवार को ऊर्जावान बना सकती हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का परिचय उपाध्यक्ष लता गादिया ने किया। उन्होंने कहा परिवार स्वस्थ जरूरी है। सक्षम हाथों में नेतृत्व रहेगा तो घर परिवार स्वस्थ रहेगा। खुद को परिवार के प्रति समर्पित करने से परिवार में सामंजस्य रहेगा, परिवार अपने आप खुशहाल होगा। सभा के अध्यक्ष कमल दुगड़ एवं बजरंग जैन ने अपने विचार व्यक्त किये। 'रिश्ते पहचानो' का एक ज्ञानवर्धक खेल का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय परामर्षिका लता जैन ने अनुप्रेक्षा करवाई एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संतोष वेद मुथा ने संकल्प पत्र का वाचन किया। कैंसर अवेयरनेस कैंप बैनर का अनावरण राष्ट्रीय टीम के द्वारा किया गया।

दूसरे सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष विभिन्न शाखा सभाओं के पदाधिकारियों के प्रश्नों का समाधान किया। सभी शाखा मंडलों का सम्मान किया गया। कार्यशाला को सुव्यवस्थित आयोजन में संपूर्ण तेरापंथ महिला मण्डल गांधीनगर का विशेष सहयोग व श्रम रहा। कार्यक्रम का संचालन मंत्री ज्योति संचेती व संतोष सोलंकी ने किया। आभार कांता लोढ़ा व संगीता आंचलिया ने किया। लगभग 22 क्षेत्रों की 225 महिलाओं की सहभागिता एवं अन्य जैन समाज की महिलाओं ने भी भाग लिया।




# गणतंत्र दिवस पर बैडमिन्ट टूर्नामेन्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु जिगनी ग्रेनाइट एण्ड मार्बल ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा गणतंत्र दिवस के मौके पर शुक्रवार को बैडमिन्ट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 80 खिलाड़ियों की आठ टीमों ने खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच गणपति वारियर्स एवम मिराकल रॉक्स में खेला गया। जिसमें गणपति वारियर्स विजेता रहा। एसोसिएशन के प्रधान अमित गुप्ता ने सभी प्रायोजकों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यअतिथि संजय टॉक ने एसोसिएशन के सभी वरिष्ठ सदस्य राकेश पेरीवाल, अनिल सिंघल, आनन्द मुद्रा, दीपक सोलंकी, राजेश पेरीवाल, साहित सिंगल, प्रभाकर एवं अमित गुप्ता के कार्यों की सराहना की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## रक्तदान शिविर

बेंगलूरु के तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के तत्वावधान में राउन्ड ईयर ह्यूमैनिटी थीम रक्तदान शिविर शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर महावीर डिजायर चिक्कबाणावार में रक्तदान शिविर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 20 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ।



# संयम स्वीकार महोत्सव हेतु संतों का हासन प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हासन। यहां आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी म. सा. ने शनिवार को अपने प्रवचन में कहा कि जब-जब अपने आप के लिए जीओगे तब तक अपने भगवान और धर्म का मजाक बनाते रहेंगे। जिस दिन मनुष्य अपने धर्म और भगवान के लिए जीना सीख लेता है उस दिन भगवान के लिए बुरा भला बोलने वालों को वह जबाव देने लग जाता है। भगवान तो सम्पूर्ण जीव राशि का कल्याण चाहने वाले होते हैं। धर्म व्यक्ति को दुर्गति की ओर ले जाने से रोकता है उसे सद्गति का मार्ग प्रशस्त करता है। आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी, मुनिश्री मेरुपद्मसागरजी एवं मुनि अर्हम् पद्मसागरजी का मुमुक्षु तनुष कुमार जितेन्द्र कुमार सोफाड़िया के संयम स्वीकार महोत्सव हेतु यहां प्रवेश हुआ। संघ द्वारा संतों का भावभीना स्वागत भव्य सामैया से किया गया। मंदिर में गुरुवर्यों के साथ प्रभु के दर्शनकर, आदिश्वर जैन भवन में आयोजित प्रवचन में बालिका मंडल, महिला मंडल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संघ की ओर से देवराज वसंतराम महावीर एवं नरेन्द्र ने अपने विचार व्यक्त किए।



# सच्चियाय माता मन्दिर का हुआ शिलान्यास

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । यहां बेंगलूरु मैसूरु रोड के बीच बिड़दी में सच्चियाय माता जैन संघ के तत्वावधान में भव्य सच्चियाय माता के मन्दिर का शिलान्यास लाभार्थी रांका परिवार द्वारा कर आधारशिला रखी गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज गुलेच्छा ने सभी पधारे हुए सदस्यों और लाभार्थियों का स्वागत किया गया। आने वाले समय में परिसर संबंधित आगामी योजनाओं की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण दो वर्षों के अंदर पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा।

महामंत्री अरुण भन्साली ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शिलान्यास से पूर्व परमात्मा की स्नात्र पूजा पढ़ाई गई। स्नात्र पूजा के पश्चात माताजी की ज्योत प्रकट की गई। नौ शिलाओं को अक्षतों से बधाकर परिसर शिलान्यास स्थल पर लाया गया और पवित्र जल से अभिषेक किया गया। कोषाध्यक्ष कुशलराज गुलेच्छा ने बताया कि अनेक भक्तगणों ने मन्दिर परिसर निर्माण योजना में भाग लिया और सैंकड़ों भक्तों ने शिलान्यास कार्यक्रम गवाही बने।

संघ के ललित डाकलिया ने बताया कि कुर्म शिला में सैंकड़ों भक्तों द्वारा चांदी के सिक्के चढ़ाए गए। सोमपुरा चेतन भाई द्वारा शिल्पकला युक्त मन्दिर का निर्माण किया जाएगा। विधिकारक तुषार गुरुजी द्वारा सम्पन्न शिलान्यास कार्यक्रम में संगीतकार कमलेश भाई एंड पार्टी द्वारा संगीत की धुनों से माताजी के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।

शिलान्यास के लाभार्थी बाबूलाल, अशोक कुमार, पवन कुमार, विक्रम कुमार, शेष कुमार रांका परिवार का श्री सच्चियाय माताजी ट्रस्ट की ओर से तिलक लगाकर, शॉल ओढाकर, माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर युवक मंडल, महिला मंडल के सदस्यों के साथ अशोक रांका, माणक गुलेच्छा, भंवरलाल गादिया, अनिल गादिया, अशोक चौरडिया और रमेश बाफना के साथ अनेक ट्रस्टीगण उपस्थित थे। पधारे हुए समस्त भक्तों का आभार मंत्री अरुण भन्साली द्वारा ज्ञापित किया गया।


Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com